वर्ष 23, अंक 250, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

चुनावी मंच से नशा कारोबारियों पर बरसे सीएम योगी

'आज के चंड-मुंड और महिषासुर हैं'

उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं और विपक्ष पर भी हमलावर हैं. वहीं कुरुक्षेत्र जिले की शाहाबाद विधानसभा में सीएम योगी ने चुनावी मंच से कहा कि यह नशे के जो कारोबारी हैं वो देश को निगल जाना चाहते हैं, युवाओं की जवानी को छीन रहे हैं, यह आज के चण्ड और मुण्ड हैं, यह महिषासुर हैं.

वहीं सीएम योगी ने कहा कि माफिया प्रवृत्ति को कभी मत पनपने दीजिए. यह आने वाली पीढ़ी के भविष्य को खराब करेगा, चाहे वह माइनिंग माफिया या पेट्रोल माफिया हो किसी भी माफिया को कतई बर्दाश्त मत करिए. हरियाणा तो खेल खिलाड़ियों की धरती है. ओलंपिक हो, एशियाड हो या कॉमनवेल्थ गेम्स सर्वाधिक मेडल देश के लिए हरियाणा का जवान लेकर आता है. इस रिकॉर्ड को बनाए रखिए.

इसके साथ ही हरियाणा के सफीदों विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में सीएम योगी ने कहा याद करिए 2017 से पहले कांवड़ यात्रा नहीं निकलने दी जाती थी. जब मैं आया और पूछा कि ये कांवड़ यात्रा क्यों नहीं निकलती है ।

'खटाखट कहने वाले पहले ही हो चुके सफाचट'-योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दिनों हरियाणा में ताबड़ जनसभाएं कर बीजेपी के पक्ष मे वोट करने की अपील जनता से कर रहे हैं. सीएम योगी ने 3 अक्टूबर को शाहबाद विधानसभा में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे. योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, 'जो राहुल गांधी जी 'खटाखट-खटाखट' कहने आते थे, आज वह मैदान छोड़कर पहले ही 'सफा-चट' हो चुके हैं. सीएम योगी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान देश की जनता से कहा था कि, 'भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो संविधान समाप्त कर देगी, आरक्षण समाप्त कर देंगे. उन्होंने जनता से झूठ बोला था.' सीएम योगी ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा था कि, उन्होंने कहा था कि हम चुनाव के बाद हर गरीब एक लाख रुपये खटाखट-खटाखट देंगे लेकिन जो राहुल गांधी खटाखट लेकर आते थे वो पहले ही मैदान छोड़कर सफाचट हो गए हैं. कहा कि, समाज को जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर , मजहब के नाम पर बांटना कांग्रेस के डीएनए का पार्ट है ।

भरोसा दिल से, भाजपा फिर से...

कांग्रेस कभी स्थिर सरकार नहीं दे सकती- मोदी

हरियाणा

नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने आरक्षण खत्म करने का बयान देकर अपने इरादे जता दिए हैं। हरियाणा का पिछड़ा और दलित समुदाय जातिगत हिंसा रोकने में विफल रहने पर पहले से ही कांग्रेस से नाराज चल रहा है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार खत्म होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में बीजेपी की हैट्रिक का भरोसा जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा के लोग एक बार फिर भाजपा को अपना समर्थन देंगे, उन्होंने कहा कि राज्य के देशभक्त नागरिक कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अपने एक्स पोस्ट में मोदी ने लिखा कि बीते कुछ दिनों में मैंने पूरे राज्य की यात्रा की है। मैंने लोगों का जो उत्साह देखा है, उसे देखकर मुझे ये पक्का विश्वास है कि हरियाणा के लोग भाजपा को फिर अपना आशीर्वाद देने वाले हैं। हरियाणा के देशभक्त लोग, कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

प्रधानमंत्री ने आगे लिखा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने हरियाणा के लोगों के जीवन को समृद्ध बनाने के लिए लगातार काम किया है। हमने सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। किसान हों, युवा हों, महिलाएं हों, गांव और शहरों का विकास हो, हमने कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। हम हरियाणा को कांग्रेस के घोटालों और दंगों वाले दौर से बाहर निकालकर लाए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता-जनार्दन जानती है कि कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार, जातिवाद, सांप्रदायिकता और भाई-भतीजावाद की गारंटी है। बापू-बेटे की राजनीति का मूल उद्देश्य सिर्फ स्वार्थ है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस यानि दलाल और दामाद का सिंडिकेट...।

मैं और पूरी कांग्रेस हरियाणा को नंबर वन राज्य बनाने की दिशा में काम करेंग

अशोक तंवर फिर एक बार कांग्रेस में शामिल

हरियाणा: विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन हरियाणा में भाजपा सरकार को बड़ा झटका लगा है. लोकसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार रहे अशोक तंवर फिर एक बार कांग्रेस में शामिल हो गए. इस दौरान राहुल गांधी, भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत कई नेता मौजूद रहे.

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, अशोक तंवर ने कहा कि उन्होंने ठीक पांच साल पहले पार्टी छोड़ी थी और उसी दिन वापस शामिल हुए हैं. उन्होंने बताया कि पार्टी छोड़ने के बाद भी उनका पार्टी के कई नेताओं से संपर्क रहा. जो भी पहले हुए उसे भूल जाइये. वह बोले, मैं और पूरी कांग्रेस हरियाणा को नंबर वन राज्य बनाने की दिशा में काम करेंगे.

भाजपा के अभियानों में नजर नहीं आ रहे थे तंवर

अशोक तंवर के करीबी कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व, खासकर के राहुल गांधी के संपर्क में थे. उनका बीते रोज बुधवार को ही कांग्रेस में शामिल होने का फैसला पक्का हो गया था. हुड्डा और सिरसा से पार्टी की सांसद कुमारी शैलजा के बीच मतभेद की खबरों के बाद भाजपा कांग्रेस पर दलित विरोधी होने का आरोप लगा रही थी, लेकिन तंवर की वापसी से भाजपा को ही बड़ा झटका लग गया है. कांग्रेस नेता सैलजा से चुनाव हार चुके तंवर को बीते सप्ताह ही भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार करते देखा गया था. पिछले कुछ दिनों से वह प्रचार अभियान में नहीं आ रहे थे.

कॉलेज के समय से कर रहे राजनीति अशोक तंवर दलित समुदाय से आते हैं और राहुल गांधी के करीबी माने जाते हैं।

सिरसा से कांग्रेस के सांसद भी रहे तंवर

न केवल तंवर बल्कि उनकी पत्नी अवंतिका को भी गांधी परिवार के करीबी के रूप में देखा जाता है. उनके माता-पिता गीतांजलि और ललित माकन की 1985 में दिल्ली में सिख चरमपंथियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी और गांधी परिवार ने बचपन में उनकी देखभाल की थी. 2009 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस के टिकट पर तंवर सिरसा से चुनावी मैदान में उतरे थे और जीते भी थे.

फरवरी 2014 में कांग्रेस ने तंवर को हरियाणा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया. हालाँकि, हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ उनकी बन नहीं पाई थी, लेकिन गांधी परिवार से नजदीकियों के कारण हुड्डा उनको हटाने के उनके प्रयास में असफल रहे

छत्तीसगढ़ के सुकमा में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

छत्तीसगढ

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा जारी अभियान के तहत गुरुवार को सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के बोट्टालंका और इरापल्ली के जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई।

सुकमा (छत्तीसगढ़): छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा जारी अभियान के तहत गुरुवार को सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के बोट्टालंका और इरापल्ली के जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई। घोर नक्सल प्रभावित इलाके में चल रही मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने कई नक्सलियों को मार गिराने का दावा किया है।

दिल्ली में डॉक्टर की गोली मारकर हत्या; आप ने बढ़ते अपराध के लिए केंद्र और एलजी को ठहराया जिम्मेदार

नई दिल्ली। दिल्ली के जैतपुर में कालिंदी कुंज इलाके में एक निजी नर्सिंग होम में गुरुवार को एक डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान डॉ. जावेद अख्तर (55) के रूप में हुई है। वह नीमा अस्पताल में यूनानी डॉक्टर थे। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद जिला अपराध टीम और एफएसएल रोहिणी टीम घटनास्थल पर पहुंची। अस्पताल के कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि दो नाबालिग चिकित्सा केंद्र में आये ।

राष्ट्रपति ने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह में छात्राओं के साथ फोटो लेते हुए।

एलजी मुलाकात का समय दें और बस मार्शलों को बहाल करें : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने दिल्ली के एलजी से गुरुवार को बस मार्शल के मुद्दे को सुलझाने के लिए मिलने का समय मांगा था, जो उन्हें नहीं मिला। इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी के विधायक दिल्ली के एलजी को घेरते हुए दिखाई दे रहे हैं।

पार्टी के विधायक दिलीप पांडे, कुलदीप कुमार और संजीव झा ने बताया कि बस मार्शल के मुद्दे को हल करने के लिए विधानसभा में मंत्री सौरभ भारद्वाज की अपील पर एलजी से मिलने का समय मांगा गया था।

सीएम पिनाराई विजयन का बड़ा दावा

अभी भी केंद्र से विशेष सहायता का इंतजार- विजयन

केरल

विजयन ने कहा कि 291 करोड़ रुपये में से 145.6 करोड़ रुपये पहले ही स्वीकृत किये जा चुके थे। हालाँकि, यह एक नियमित प्रक्रिया है न कि विशिष्ट आपदा संबंधी सहायता।

वायनाड भूस्खलन आपदा के बाद केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बड़ा दावा किया है। विजयन ने कहा कि इस आपदा के बाद उन्हें केंद्र सरकार से महत्वपूर्ण सहायता की उम्मीद थी, लेकिन अभी तक ऐसी कोई पर्याप्त सहायता प्रदान नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि वायनाड आपदा से राज्य को भारी नुकसान हुआ है। हमें केंद्र सरकार से महत्वपूर्ण सहयोग की उम्मीद थी, लेकिन अभी तक ऐसी कोई ठोस सहायता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि हमने सामान्य केंद्रीय हिस्सेदारी के अलावा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से 291 करोड़ रुपये के आपातकालीन राहत कोष का अनुरोध किया।

विजयन ने कहा कि 291 करोड़ रुपये में से 145.6 करोड़ रुपये पहले ही स्वीकृत किये जा चुके थे। हालाँकि, यह एक नियमित प्रक्रिया है न कि विशिष्ट आपदा संबंधी सहायता। उन्होंने कहा कि अभी केंद्र से कोई विशेष सहायता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर कैबिनेट की बैठक में चर्चा की गई और एक बार फिर केंद्र सरकार से आवश्यक सहायता जल्द से जल्द जारी करने का आग्रह करने का निर्णय लिया गया।

रोहित और टीम इंडिया की विश्व कप जीत ने हमारे जुनून को जगाया: जेमिमा

नई दिल्ली। अपने पहले महिला टी20 विश्व कप का पीछा करने के अलावा, भारत पुरुष और महिला दोनों वर्गों में सबसे छोटे प्रारूप में दो ट्रॉफी जीतने का दुर्लभ 'डबल' बनाने का भी प्रयास करेगा, जो क्रिकेट की दुनिया में बहुत ही अनोखी उपलब्धि होगी।

दाएं हाथ की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट जीतने की इच्छा और जुनून टीम में फिर से जागृत हुआ है, जब रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने इस साल बारबाडोस में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर सात रन से जीत के साथ पुरुष टी20 विश्व कप जीतकर एक बड़ी ट्रॉफी का सूखा खत्म किया।

"मुझे याद है कि मैंने पुरुषों का फाइनल देखा था। हमारा दक्षिण अफ्रीका के साथ टेस्ट मैच था और तीसरे दिन हम रात के 12 या 1:30 बजे तक मैच देखते रहे। मुझे वह पल अच्छी तरह याद है। हमने हमेशा विश्व कप जीतने का सपना देखा है, लेकिन हमारे विश्व कप से ठीक पहले उन्हें जीतते देखना और भी ज्यादा वास्तविक लगता है।"

"जीतने की इच्छा और जुनून तब जग गया जब हमने रोहित शर्मा और टीम को ट्रॉफी उठाते देखा। हममें से कुछ लोग कमरे में थे और हम आम तौर पर बातूनी होते हैं, खासकर मैं, लेकिन जब ऐसा हुआ, तो हम सब चुप हो गए।"

जेमिमा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, "मुझे पता था कि हर कोई सोच रहा था, 'हमारा समय कब आएगा? हैरी दी को हमारे साथ विश्व कप उठाते देखना कैसा लगेगा?' ईमानदारी से कहूं तो मैं परिणाम के बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहती।

पुणे में 11 वर्षीय बेटी से बलात्कार के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

पुणे

आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। वारजे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, आरोपी अपनी बेटी को अश्लील वीडियो दिखाता था और कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार करता था।

पुणे पुलिस ने एक 35 वर्षीय व्यक्ति को अपनी 11 वर्षीय बेटी के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना तब प्रकाश में आई जब नाबालिग लड़की के स्कूल (जिस स्कूल में वह पढ़ती है) के अधिकारियों को उसके यौन उत्पीड़न के बारे में पता चला।

स्कूल के प्रधानाचार्य ने पुलिस से संपर्क किया और लड़की के पिता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) व यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बलात्कार का मामला दर्ज किया गया।

सबसे ज्यादा सीटों पर लड़ेगी बीजेपी, शिवसेना और NCP को कितनी सीटें मिलेंगी

सीट बंटवारे पर महायुति में बन गई सहमति!

मुंबई

भाजपा और सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के लिए अच्छी खबर आ रही है। दावा किया जा रहा है कि भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) सीटों के बंटवारे पर मुहर लगभग लग गई है।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में सियासी हलचल तेज है। यहां मुख्य रूप से दो गठबंधनों के बीच मुकाबला होना है। एक ओर जहां सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन है जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) शामिल है।



वहीं दूसरी ओर महाविकास अघाड़ी गठबंधन है जिसमें कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की पार्टी और शरत पवार की पार्टी शामिल है। पार्टियों के बीच सीटों का बंटवारा काफी पेचीदा रहता है।

वहीं, भाजपा और सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के लिए अच्छी खबर आ रही है। दावा किया जा रहा है कि भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) सीटों के बंटवारे पर मुहर लगभग लग गई है। इसका मतलब ये है कि तीनों दलों के बीच सीटों का बंटवारा लगभग पूरा कर लिया गया है। एक टीवी टैनल के सूत्रों ने बताया कि बीजेपी सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, उसके बाद सेना और एनसीपी का नंबर आएगा।

सूत्रों ने दावा किया कि भाजपा के 150 से 155 सीटों, सेना के 90-95 सीटों और राकांपा के 40-45 सीटों के बीच चुनाव लड़ने की संभावना है।

शोषित समाज के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया की : संजय गौतम

पार्टी एवं संगठन के विस्तार तथा मजबूती के मद्देनजर चलाए जा रहे जन जागरूकता एवं सदस्यता अभियान के दौरान एक कार्यक्रम में गरजे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

मेजा। भाजपा समर्थित रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के पयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने पार्टी और के विस्तार तथा मजबूती के लिए गुरुवार को यमुनापार के मेजा विधानसभा में व्यापक जनसंपर्क कर आम जन मानस को पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों से अवगत कराते हुए जागरूक किया और कहा कि दलित पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों तथा दबे कुचले समाज के लोगों का हित केवल रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया में ही निहित है। उल्लेखनीय है कि केंद्र में भाजपा समर्थित रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ द्वारा इन दिनों यमुनापार के मेजा विधानसभा के गांवों में घूम घूम कर पार्टी और

संगठन की मजबूती तथा विस्तार के लिए व्यापक पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर श्री गौतम की टीम क्षेत्र के रामनगर एवं मेजा खास गांव के अलावा कई अन्य गांवों में जनसंपर्क स्थापित कर लोगों को जागरूक करते हुए पार्टी में बड़े पदों पर पदाधिकारियों तथा सदस्यों को नियुक्त किया जा रहा है। गौरतलब है कि क्षेत्र में रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखते हुए भारी संख्या में लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

इस दौरान राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता अवधेश कुमार प्रजापति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भी जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने शिरकत किया जहां उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए श्री गौतम ने कहा कि आज समाज में दबे कुचले,दलितों, पिछड़ों तथा अल्पसंख्यकों की स्थिति काफी दयनीय है और शासन प्रशासन के द्वारा उनका घोर उत्पीड़न एवं शोषण किया जा रहा है जिसे हर कीमत पर रोकना आवश्यक हो गया है।उन्होंने आगे कहा शोषित समाज वह चाहे किसी भी जाति व धर्म का है की रक्षा एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी अब रिपब्लिकन पार्टी के लोगों की है। उन्होंने उपस्थित लोगों से स्पष्ट लहजे में कहा रिपब्लिकन पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सर्व समाज का हित निहित है इसलिए आप सभी लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण करें और पार्टी के साथ साथ स्वयं को भी मजबूत करें। इस मौके पर डीके प्रजापति, श्याम बहादुर यादव, सौरभ पटेल, राजू सोनकर, लवकुश पाल,ठाकुर मुंदर सिंह,ओम प्रकाश मौर्य,मनीष कुमार शुक्ला, त्रिशूल नाथ सिंह, मेंहदी हसन कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

जालसाजी करके निकाला 7 लाख 30 हजार रुपए पुलिस ने किया गिरफ्तार

जंघई। सरायममरेज थानांतर्गत सोरों, कटरा बाजार गांव निवासी व्यापारी राजेश केसरवानी 1 अक्टूबर को एक्सिस बैंक फूलपुर की शाखा में अपना पैसा निकालने गये थे, अपने गांव सोरों, शोभई पूरा निवासी एवं बैंक के उप प्रबंधक बलराम यादव के पास बैठकर बातचीत कर रहे थे कि चेक इधर उधर हो गया चेक ढूंढने पर नहीं मिला और राजेश केसरवानी ने खाली चेक पर हस्ताक्षर भी कर दिया था लेकिन पूरा भरा नहीं था जिसका फायदा उठाकर उप प्रबंधक बलराम यादव ने खाली चेक में सात लाख तीस हजार रुपए भरकर निकाल लिया। राजेश केसरवानी के मोबाइल पर मैसेज आया तो उनके होश उड़ गए उनका संदेह अपने गांव निवासी बैंक उप प्रबंधक बलराम यादव पर था इसकी सूचना राजेश ने अपने बच्चों को दिया और बच्चों ने सरायममरेज पुलिस को सूचना दिया तो सरायममरेज एसएचओ योगेश प्रताप सिंह एवं चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य दल बल के साथ 2 अक्टूबर को बलराम यादव को पकड़कर थाने लाकर कड़ाई से पूछताछ किया तो बलराम यादव ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। ग्रामीणों के अनुसार बलराम यादव पहले भी लोगों के साथ जालसाजी कर चुका है और गांव एवं क्षेत्र के भोले भाले लोगों को अपना शिकार बनाता है जिससे क्षेत्र के लोगों में बलराम यादव के प्रति आक्रोश व्याप्त है राजेश केसरवानी एवं क्षेत्र के लोगों ने सरायममरेज पुलिस से आग्रह किया कि बलराम यादव के प्रति कठोर कार्रवाई किया जाए।

न्यूज झरोखा

पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया और पूर्व एमएलसी सूरजभान की पेरोल मंजूर

10 अक्टूबर तक रहेंगे जेल से बाहर, पूर्व विधायक नीलम उदयभान करवरिया के तेरहवीं संस्कार में होंगे शामिल

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिवंगत पूर्व भाजपा विधायक नीलम उदयभान करवरिया के क्रिया कर्म और तेरहवीं संस्कार में शामिल होने के लिए पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया और पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया का चार अक्टूबर से दस अक्टूबर तक पेरोल स्वीकृत किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान एवं न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीशी की खंडपीठ ने दोनों भाइयों की अर्जियों पर उनके अधिवक्ता सुरेश चंद्र द्विवेदी और सरकारी वकील को सुनकर पारित किया है। अधिवक्ता सुरेश चंद्र द्विवेदी ने न्यायालय को बताया कि हाल ही में न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुरेन्द्र सिंह की खंडपीठ ने स्वर्गीय नीलम उदयभान करवरिया के अंतिम संस्कार के लिए दोनों भाइयों को पुलिस हिरासत में 28 सितंबर से एक अक्टूबर तक अल्पकालिक जमानत दी थी। यह भी कहा कि उन्हीं शर्तों और नियमों पर दोनों भाइयों को नीलम उदयभान करवरिया के क्रिया कर्म और तेरहवीं में शामिल होने के लिए अल्पकालिक जमानत दी जानी चाहिए जो पांच अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक आयोजित होना है। सुनवाई के बाद खंडपीठ ने पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया एवं पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया को चार से 10 अक्टूबर तक अल्पकालिक पैरोल पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस अवधि में दोनों भाई अपने खर्च पर पुलिस हिरासत में रहेंगे। यह भुगतान जेल में आत्मसमर्पण करने पर या उससे पहले किया जाएगा। कोर्ट ने रजिस्ट्रार अनुपालन यह आदेश आज ही पक्षकारों को तामील कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। दोनों भाई दस अक्टूबर को शाम पांच बजे वरिष्ठ अधीक्षक सेंट्रल जेल नैनी के समक्ष आत्मसमर्पण करेंगे और अगली तिथि पर न्यायालय के समक्ष समर्पण प्रमाणपत्र दाखिल करेंगे।

सेवानिवृत्त कर्मी राम श्रृंगार की व्यापार मंडल अध्यक्ष ने की भावभीनी बिदाई

मेजा। लोक निर्माण विभाग में कार्यरत कर्मचारी राम श्रृंगार शुक्ल उर्फ सोटा गुरु के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई का कार्यक्रम व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के

इस अवसर व्यापार मंडल कार्यालय में सोटा गुरु को अंग वस्त्रम तथाउपहार भी भेंट किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कहा कि शुक्ला जी का 35 साल का कार्यकाल काफी सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा। मेजारोड से कोहड़ार सड़क मार्ग की देखरेख का जिम्मा इन्होंने बखूबी निभाया है। श्री शुक्ल विभाग में रहते हुए समाज के लिए हमेशा सक्रिय रहे। अपने सेवा के दौरान इनकी एक गलती भी नजर में नहीं आई। घर गृहस्थी में से समय निकालकर समाज को अब पूरा समय देते रहे हैं। इस मौके पर विदाई कार्यक्रम में लोलारक शुक्ल,शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी,नितेश तिवारी,पिंकू शुक्ल,रमेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर ब्लाक प्रमुख गायत्री मिश्र ने किया ध्वजारोहण

मेजा। गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विकास खंड मेजा में ब्लाक प्रमुख श्रीमती गायत्री मिश्रा व खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा की अध्यक्षता में ध्वजारोहण और माल्यार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मेजा ब्लाक में

सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत तथा मेजा खास गांव में सफाई कार्य कर रहे बब्बन सिंह, ग्राम पंचायत घोरहा गांव में सफाई कर्मी राकेश कुमार हेला तथा तहसील मुख्यालय पर सफाई कार्य में मुस्तैद कर्मी मुस्ताक अहमद को साफ सफाई में उत्कृष्ट कार्य के लिए ब्लॉक प्रमुख गायत्री मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा,खंडविकास अधिकारी अमित मिश्रा,आनन्द देव पांडेय,अवर अभियंता ग्रामीण अनिल धुर्वे, एडीओ समाज कल्याण सुशांतु पांडेय,राजेश तिवारी बीटी, बीसीसी प्रतिनिधि अजय यादव आपरेटर,राजमणि , आशुतोष मिश्र, मयंक शुक्ला आदि के अलावा कई अन्य कर्मचारी गण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

पूर्व विधायक नीलम करवरिया के असमय निधन पर भाजपा कार्यकर्ता ने जताया शोक

सिरसा। लोकप्रिय जन नेता मेजा विधान सभा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया के निधन पर गहरा दुख व शोक प्रकट किया गया। क्षेत्र के लोगों को उनकी कमी हमेशा खलेगी। श्रीमती नीलम करवरिया के असमय

निधन पर दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दिया गया। इस दुनिया से उनका असमय जाना पार्टी, समाज, संगठन, शुभचिंतकों तथा उनके समर्थकों के लिए जहां काफी दुखद है वहीं सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में भी भारी क्षति हुई है। शोक संवेदना में मुख्य रूप से विनोद विश्वकर्मा (मण्डल अध्यक्ष- सिरसा) भाजपा पिमो, आशीष सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष/संयोजक भाजपा पिमो, सुरेश चंद्र सिंह पटेल जिला कार्यकारिणी सदस्य/विधान सभा प्रभारी, ओ पी विश्वकर्मा जिला कोषाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, राम मिलन गुप्ता मण्डल महामंत्री भाजपा, धनंजय प्रजापति सोशल मीडिया प्रभारी भाजपा पिमो, इंजीनियर इमितियाज अली विधानसभा संयोजक अल्पसंख्यक भाजपा, लाल चंद्र बिन्द सेक्टर संयोजक भाजपा, अविनाश कुमार विधानसभा उपाध्यक्ष,आलोक भारतीय, मनोज विश्वकर्मा, रमेश चंद्र विश्वकर्मा, बिंदु प्रजापति,सीता पटेल आदि दर्जनों के अधिक संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नवरात्रि में संपूर्ण मेजा में सजा मां दुर्गा का भव्य पंडाल उरुवा का सच्चा दरबार पंडाल रहा खास

मेजा। शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा अर्चना के मद्देनजर सम्पूर्ण मेजा क्षेत्र के पंडालों में मां दुर्गा की भव्य आकर्षक मूतियां रखी गई हैं जो क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जिसमें उरुवा के मंडप गेस्ट हाउस में सजा

मां का सच्चा दरबार बेहद खास है। उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्रि में आगामी नव दिनों तक चलने वाले परंपरागत मां दुर्गा के पूजा पाठ के लिए श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ दुर्गा पंडालों को सजाया एवं सावरा गया है। सुबह शाम होने वाली मां की आरती एवं पूजा पाठ से चारों हर तरफ चहल पहल एवं खुशी का माहौल व्याप्त है। गौरतलब है कि मेजा के उरुवा चौराहे पर स्थित मंडप गेस्ट हाउस में सजा मां दुर्गा का सच्चा दरबार बेहद भव्य एवं अलौकिक है जिसमें रखी गई मां दुर्गा की मूर्ति की एक झलक देखने और पूजा अर्चना करने आने वाले दूर दराज के लोगों की भारी भीड़ जमा रहती है।इस दौरान सुबह शाम होने वाले मां के जयकारों से पूरा इलाका गुंजायमान रहता है। मंडप गेस्ट हाउस के पुजारी विनोद मिश्र ने बताया कि यह नौ दिनों तक मां की पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहता है। इस सच्चे दरबार के आयोजक कमेटी टीम के अध्यक्ष पंकज पांडेय, मानसिंह, राजन, पिंटू तिवारी, मोहित, रमेश, प्रदीप कुशवाहा, चंद्रभान, मोहन, रंजीत, संतोष, राजू, चंचल, नंदू, मनोज पाल, बबलू विश्वकर्मा तथा सोनू पांडेय की भूमिका अहम है।

अंबे तू है जगदंबे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली..

प्रतापपुर। नव युवा दुर्गा पूजा समिति खानपुर डांडी पटेल नगर, उग्रसेनपुर में शारदीय नवरात्रि पर बुधवार को आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से दुर्गा पूजा पंडाल में दुर्गा मां, गणेश लक्ष्मी, कार्तिकेय सरस्वती प्रतिमा एवं कलश की

स्थापना करवाई गई भक्तों ने बड़ी संख्या में प्रथम दिवस मां शैलपुत्री का पूजन अर्चन किया इस अवसर पर भक्तों ने आरती, देवी गीत आदि प्रस्तुत किया। शारदीय नवरात्रि में माता रानी के पंडाल में फूलों पत्तों एवं रंग-बिरंगे झालरों से विशेष सजावट की गई है। भक्तों ने मां के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना आरती एवं प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर अनिल कुमार, रमेश, बाबा प्रसाद, बृजराज, अजय, शिवकुमार, राम कृपाल, सतीश, सूबेदार, जगत, राजू, उदय, राकेश, शैलेंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मांडा खास मूर्तिहा दह, श्री मांडव्य ऋषि आश्रम पर यथार्थ गीता पाठ एंव त्रिशूल पूजा स्थापना का आयोजन

माण्डा। यमुनापार क्षेत्र के मांडा खास श्री माण्डव ऋषि आश्रम मूर्तिहा दह में शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर 5 अक्टूबर शनिवार को यथार्थ गीता पाठ का शुभारंभ होगा और 6अक्टूबर को त्रिशूल स्थापना पूजा एवं भण्डारा का



आयोजन किया गया हैं कार्यक्रम हेतु माण्डा खास श्री मांडव्य ऋषि आश्रम के मुखिया विजय बाबा ने सक्तेषगढ़ आश्रम जाकर स्वामी श्री अड़गड़ानंद महराज जी से आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम की तैयारी कर रहे हैं ' वही परमहंस आश्रम सक्तेषगढ़ मिजार्पुर के भक्त सुबेदार यादव ने भक्तों को जानकारी देते हुए बताया कि सक्तेषगढ़ आश्रम के महात्माओं का भी आगमन होगा जिससे भक्तों को सत्संग सुनने का लाभ मिलेगा उक्त कार्यक्रम को लेकर आश्रम में तेजी से तैयारी चल रहा है ' मूर्तिहा दह में पहली बार भव्य भण्डारा के आयोजन से क्षेत्र में खुशी एवं उत्साह का माहौल बना हुआ है ' कार्यक्रम के सहयोगी संतोष तिवारी , कन्हैया लाल मिश्रा ,शीतला प्रसाद ,राहुल सिंह,अखण्ड प्रताप सिंह उर्फ पथरू , मनोज , हीरा लाल, कमल नारायण पाण्डेय इत्यादि तैयारी को लेकर जुटे है।

मऊआइमा में निकाला गया कर्ण घोडा जुलूस , मुकुट पूजन का आगाज, दुर्गा प्रतिमाओं की आरती धूमधाम से शुरू

मऊआइमा। मऊआइमा कस्बा का ऐतिहासिक कर्ण घोडा का जुलूस बडी शान शौकत से सदर बाजार से होता हुआ चुनौंटा कुआं, गांजियाबजार से राम बाग गया। जहां मुकुट पूजन हुआ गुरूवार से ही रामलीला का मंचन शुरू हो जाएगा। मुकुट पूजन इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने किया। कर्ण घोडा जुलूस में रामलीला समिति के संरक्षण मनोज साहू, कृष्ण लाल, शारदा मौर्या, अध्यक्ष सचिन साहू, महामंत्री मुदित खत्री , कोषाध्यक्ष दीलीप

केसरवानी उर्फ नन्हे, दीलीप केसरवानी, प्रबंधक संजय साहू, डाक्टर नन्दलाल, प्रदीप केसरवानी,मंत्री अशोक साहू, जुलूस नियंत्रक राजेन्द्र जब,विनोद मोदनवाल,आदि थे। कस्बा में दुर्गा पूजा की स्थापित गांजियाबाद स्थित पीपल के पेड के नीचे , हनुमान गढी खत्री धर्म शाला,चुनौटा कुआं, सदर बाजार,पूरे मियां जी, थाना पड़ाव चौराहे, ब्लाक चौरिहा आदि दर्जनों गांवों में स्थापित की गयी है।जिसकी आरती उतारने का कार्यक्रम शुरू हो गया है।दुर्गा पूजा कमेटी के देख रेख राकेश केसरवानी,सनी खत्री,सूरज केसरवानी,मिश्री लाल, आनन्द सोनी आदि को बनाया गया है। उक्त जानकारी राम लीला कमेटी के मीडिया प्रभारी रवि साहू ने दी।

क्षेत्र में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर किसान संगठन हुआ लामबंद

जारी। बारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत डांडो चौराहे पर भाकियू आजाद हिंद के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में चल रहे तमाम अवैध कार्यों के चलते अनिश्चितकालीन ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं । भाकियू आजाद हिंद के मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया की क्षेत्र में कई तरह के अवैध कार्य काफी दिनों से संचालित किया जा रहे हैं जिसके चलते कई बार अधिकारियों को इस संदर्भ में अवगत कराया गया लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई भी यथोचित कार्यवाही नहीं की गई जिसके चलते हम लोगों को यहां पर धरने पर बैठना पड़ा। मांगों को लेकर बताया गया कि बघोलवा की बस्ती में लगे डामर के प्लांट को बंद कराया जाए इससे आसाध्य बीमारियां फैल रही हैं, प्रयागराज के जमुना पार में संचालित टोल प्लाजा को स्थानिक किसानों के लिए टोल फ्री कराया जाए, टोल से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों को तत्काल से रोका जाए, लिंक रोड पर संचालित हो रहे ओवरलोड तत्काल से रोका जाए,ओवरलोड वाहनों के संचालन से गौहानी बारा मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है उसे जल्द से जल्द ठीक कराया जाए, डांडो खारिया मार्ग को ठीक कराया जाए और मांग की गई की परिवहन विभाग प्रयागराज की ओवरलोड की जांच में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। धरने में प्रमुख रूप से राकेश त्रिपाठी, कृष्णा राज सिंह,प्रतीक सिंह, अंकित सिंह उर्फ मोनू,पप्पू सिंह,मधु आदिवासी,कुलदीप यादव,अंकित सिंह, मनोज सिंह,अनुराग सिंह, अरविंद सिंह, प्रवीण सिंह, बृजवासी आदिवासी, विजयलक्ष्मी, सरला, सुशीला, रानी सहित से सैकड़ो की संख्या में किसान धरने पर मौजूद रहे लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी किसानों की बात सुनने के लिए नहीं पहुंचा

मोटर मैकेनिक के दुकान में चोरी

हनुमानगंज। सरायइनायत थाना क्षेत्र के अंदावा स्थित एक मोटर मैकेनिक की दुकान का ताला तो चोरों ने एक लाख तक का सामान समेट कर फरार हो गए। पीड़ित में मामले के लिखित शिकायत पुलिस से की है पर अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। कबीर उद्दीनपुर हंडिया निवासी मो. अलीम ने अन्दावा में ऑटो पार्ट की दुकान खोली है। जहाँ गाडियो की मरम्मत के साथ रंगाई, पुताई भी होती है। मो. अलीम ने बताया कि वह बुधवार को अपनी दुकान बंद कर घर गया था। गुरुवार सुबह आया तो शटर में लगा ताला टूटा था अंदर जाने पर देखा कि सारा सामान बिखरा है और इन्वर्टर, बैटरी, गाड़ी की बैटरी सहित दुकान से एक लाख तक का समान गायब था। थाना प्रभारी सरायइनायत ने बताया कि टूल गायब हुए है पुलिस जांच कर रही है।

जमुनापार में नवरात्रि के पहले दिन से अधिकांश दूर्गा पूजा पंडालों में छाया अंधेरा, आक्रोश

करछना। जनपद प्रयागराज जमुनापार क्षेत्र में बिजली रोस्टिंग स्टिंग के चलते नवरात्र के पहले दिन से भक्तों में आक्रोश देखने को मिला नवरात्र के पहले दिन क्षेत्र में गांव कस्बा चौराहा बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर दुर्गा पूजा पंडाल लगाए जाते हैं नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के स्थापना के दिन ही से दिन से लेकर देर रात तक बिजली रोस्टिंग से क्षेत्र के लोग काफी आहत हैं करछना समेत वीरपुर, नैनी धरवारा , रिठैया , निरिया ,जारी , लच्छी पुर हथसरा , चनैनी कपठुआ करेहा ,करमा ,गौहानी ,जसरा सहित सैकड़ो से ज्यादा पूजा पंडालों में गुरुवार के दिन ही मां दुर्गा के पूजा पंडाल स्थापना के दिन से ही लोग अंधेरे में ही पूजा पाठ करने को मजबूर हुए क्षेत्रीय लोगों ने संबंधित बिजली विभाग एवं उत्तर प्रदेश सरकार से यह मांग की है कि नवरात्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति का रोस्टर लागू किया जाए जिससे दुर्गापूजा पंडालों में लोग उजाले में पूजा अर्चना कर सके।

विचाराधीन कैदियों को लेकर ट्रायल कोर्ट बेपरवाह, पूछा- आदेश के बावजूद देरी क्यों

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट में मुकदमों की धीमी सुनवाई पर चिंता जताई है। कहा है कि ट्रायल की सुस्ती से प्रथम द्दष्टया ऐसा लगता है कि अदालतें लंबे समय से बंद विचाराधीन कैदियों को लेकर बेपरवाह हैं। यह तल्ख टिप्पणी न्यायमूर्ति अजय भनोट की अदालत ने अशफाक की जमानत याचिका पर की है।कोर्ट ने इलाहाबाद के जिला जज से रिपोर्ट तलब करते हुए पूछा है कि हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद ट्रायल में देरी क्यों हो रही है। मामला प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र का है। याची अशफाक पर धूमनगंज थाने में हत्या व अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज है। उसने हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आरोपी जुलाई 2019 से जेल में है। लेकिन, चल रहे ट्रायल में अभी तक एक भी गवाह की गवाही नहीं हुई है। जबकि, इससे पहले हाईकोर्ट ने ट्रायल के शीघ्र निस्तारण का आदेश ट्रायल कोर्ट को दिया था। इस पर कोर्ट ने चिंता जताई।कहा कि अदालत बार-बार यह महसूस कर रही है कि इलाहाबाद में मुकदमे बेहद धीमी गति से चल रहे हैं। इस संबंध में न्यायालय ने पहले भी आदेश पारित किए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

देश के हर ईट में हिस्सेदारी चाहिए : दिनेश चौधरी

सुप्रीम कोर्ट के आदेश एससी एसटी आरक्षण में वर्गीकरण पर नुक्ता चीनी

कोराव। कोराव में बृहस्पतिवार को जन अधिकार पार्टी समाजवादी पार्टी कांग्रेस पार्टी आजाद समाज पार्टी और तमाम सामाजिक संगठन ने मिलकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 1 अगस्त 2024 को अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण मामले में नोक्ता चीनी की है। कोर्ट ने केंद्र सरकार राज्य सरकारों को डायरेक्शन दिया है कि सरकारी आरक्षण में वर्गीकरण एवं क्रिमी लेयर की व्यवस्था लागू करें हमारी सर्वोच्च न्यायालय का यह डायरेक्शन और संवैधानिक है इस मामले को लेकर अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों ने पूरे देश में भारत बंद करने का आह्वान किया है। सर्वोच्च न्यायालय का अपना फैसला वापस लेकर सरकार कानून बनाकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय का फैसला रद्द करें करने की मांग की है। सभा को संबोधित करते हुए दिनेश चौधरी ने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण के वर्गीकरण की व्यवस्था लागू नहीं होनी चाहिए अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण क्रीम लेयर व्यवस्था लागू नहीं होनी चाहिए भारत सरकार कानून बनाकर सर्वोच्च न्यायालय का डायरेक्शन रद्द करें।भारत सरकार अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल करें अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण आर्थिक आधार पर नहीं होना चाहिए लिटरल एंट्री बिना परीक्षा आईएएस बनाना खत्म किया जाए या इसे भी आरक्षण लागू किया जाए। और प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण लागू किया जाए,राज्यसभा व विधान परिषद में भी आरक्षण लागू किया जाए,जजों की नियुक्ति में आरक्षण लागू किया जाए, इन सभी मांगों को लेकर प्रमुख रूप से जन अधिकार पार्टी के नेता भीम के जिला उपाध्यक्ष डा कमलेश गौतम, बृजलाल चौधरी,अंतिम राव,मीरा देवी,एडवोकेट प्रकाश वर्मा, कृष्णकांत, विनय चौधरी,धीरेंद्र कुमार, गंगा प्रसाद, गोलू जैसल, सचिदानंद, कोरांव विधान सभा के युवा नेता अजय कुशवाहा, जिला महासचिव छठू प्रसाद शाक्य जिला संगठन मंत्री, महेश प्रसाद,अरविंद कुशवाहा,पवन सिंघल पटेल, पवन सोनकर, रामानुज यादव प्रधान, नौशाद अंसारी,रविंद्र जैसल, नगर अध्यक्ष मेहताब खान,विद्याकांत कोल,राहुल कोल समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सिपाही ने स्वास्थ्य कर्मी को पीटा थाने में दी तहरीर अस्पताल में अफरातफरी

मऊआइमा। सिपाही पर स्वास्थ्य कर्मी को अस्पताल में पीटने का आरोप लगाया गया है।जिसकी लिखित शिकायत स्वास्थ्य कर्मी ने थाने में की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना में तैनात शिवम कुमार कांस्टेबल और अन्य सिपाही गुरूवार को दुर्घटना में घायल अर्चना देवी 50 वर्ष का उपचार कराने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए थे।बताया गया है कि किन्हीं बातों को लेकर वहां मौजूद अनुज कुमार पटेल प्रयोगशाला प्रावधिक स्वस्थ कर्मी को सिपाही ने तमाचा जड दिया।जिसे लेकर अस्पताल कर्मियों में आक्रोशित हो उठे। पुलिस कर्मी के इन हरकतों से नाराज स्वस्थ कर्मी अनुज कुमार पटेल ने मऊआइमा थाने में सिपाही शिवम कुमार के खिलाफ तहरीर दी है।इस बाबत सीएच प्रभारी रामगोपाल वर्मा का कहना है कि उनके कर्मचारी को पुलिस ने पीटा उन्हें मालूम है। इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार मिश्रा का कहना है कि उन्हें अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली न ही कोई जानकारी दी गई।

परशुराम लक्ष्मण संवाद से गूंजा जंघई बाजार

जंघई। श्रीराम जानकी मंदिर जंघई प्रांगण की रामलीला में मंगलवार रात्रि में राजा जनक के आमंत्रण पर सीता स्वयंवर में पहुंचे भगवान राम ने जैसे ही शिव धनुष को तोड़ा वैसे ही पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजायमान हो गया। सुप्रसिद्ध रामलीला मंचन में धनुष यज्ञ व परशुराम- लक्ष्मण संवाद लीला का मंचन किया गया। सीता स्वयंवर में गुरु विश्वामित्र की आज्ञा मांग श्रीराम व लक्ष्मण राजा जनक के दरबार में

रखे शिव धनुष के पास पहुंचे, और श्रीराम ने धनुष को प्रणाम किया और उसे अपने हाथों में उठा लिया और शिवधनुष तीन खंडों में विभक्त हो गया धनुष का एक टूटा भाग अपने हाथों में लिए श्रीराम की झांकी का दर्शन कर रामलीला का एक-एक श्रद्धालु भावविभोर हो गया। शिव धनुष टूटने की आवाज सुनकर ऋषि परशुराम क्रोध को धारण कर सीता स्वयंवर सभा में प्रवेश करते हैं, सभा का आयोजन देख उसका कारण पूछते हैं फिर जनक द्वारा कारण स्पष्ट करने पर भगवान परशुराम का ध्यान शिव धनुष की तरफ जाता है फिर वो क्रोध को धारण कर पूंछते हैं कि इस धनुष को तोड़ने का साहस किसने किया, लेकिन मुनि के क्रोध के आगे किसी को कुछ बोलने का साहस नहीं हुआ फिर मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम जी विन्रम भावना से कहते हैं हे नाथ शिव जी के धनुष को तोड़ने वाला उनका कोई प्रिय दास ही होगा क्या आज्ञा है मुझसे कहिए फिर इस प्रकार आगे भगवान परशुराम का लक्ष्मण जी से संवाद होता है और अंत में परशुराम द्वारा नारायण अवतार का ज्ञात होता है फिर वे क्रोध को त्याग देते हैं अंततः परशुराम भी श्रीराम की विनम्रता से प्रभावित हो आशीर्वाद देकर चले गए। विश्वामित्र-अजय पांडेय, जनक-चंद्रशेखर तिवारी, परशुराम-दीनानाथ मिश्र, राम-आदित्य, सीता-ओम पांडेय, लक्ष्मण-साहिल, रावण-लोलारख यादव, बाणाशुर-अनिल मिश्र, बंदीजन-सभाजीत पांडेय, दुष्ट राजा-शैलेश पाठक एवं साधु राजा का पात्र शीतला प्रसाद पाठक ने निभाया।

श्री राम लीला समिति भडेवरा का दस दिवसीय मंचन का सुभारंभ आज से

करछना। श्रीराम रामलीला समिति भडेव्ररा बाजार के संरक्षक मंडल सहित रामलीला समिति का सामूहिक रूप से गठन किया गया । साथ ही साथ मंगलवार शाम को रामलीला मंच पर रामलीला समिति के पदाधिकारियों व कलाकारो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें 4 अक्टूबर शुक्रवार से 10 दिवसीय रामलीला के मंचन करने का आपस में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया। वही समाजसेवी प्रभंजन शर्मा की ओर से इस सामूहिक आयोजन में सहयोग के लिए सबका आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सभी कलाकारों समेत अन्य सभी लोगों से रामलीला मंचन को बेहतर सफल बनाए जाने की अपील भी की। संरक्षक मंडल में चोलाराम मिश्र, राधेश्याम मिश्र, अमरनाथ शर्मा, कौशलेश शर्मा ,अवध नारायण शुक्ल, अनिल कुमार शर्मा, जटाशंकर पांडेय ,उमाकांत पांडेय ,अमरनाथ विश्वकर्मा शामिल है । वही समिति में राम बहादुर ओझा अध्यक्ष ,मुनेश कुमार मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मदन गौड़ उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार ओझा उपाध्यक्ष ,श्याम नंदन तिवारी उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार शर्मा महामंत्री, देवी प्रसाद मिश्र मंत्री, श्रीकांत पांडेय मंत्री, पन्नालाल पाल मंत्री, डायरेक्टर राम मनोहर लोहिया, उप डायरेक्टर राजमणि विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष सुशील शर्मा, मीडिया प्रमुख सुनील मिश्र व शिवम मिश्र मनोनीत हुए। भूपेंद्र शर्मा, प्रभंजन शर्मा ,रमाकांत केसरवानी ,गुलाब विश्वकर्मा, विष्णु शर्मा, आनंद ओझा धीरज यादव, राजकुमार सोनकर, विक्रम यादव ,सुरेश सोनकर, घनश्याम यादव, राजकुमार यादव, फौदी सोनकर ,अखिलेश विश्वकर्मा व्यवस्था प्रमुख में शामिल है।

रामलीला मंचन से पूर्व भोपतपुर में निकला कर्ण घोड़ा

सहसों। आदर्श रामलीला कमेटी भोपतपुर, मीरापुर एवं बसमहुआ का संयुक्त रूप में कमेटी द्वारा साज सज्जा के साथ कर्ण घोड़ा को निकाला गया। कमेटी द्वारा कर्ण घोड़ा को रामलीला स्थल से निकाल कर पुरे गांव, गली, मोहल्लों में घुमाया गया तथा आधुनिक वाद्य यंत्रों एवं शंखनाद के साथ भारी संख्या में ग्रामीण राम भक्त सुंदर भक्ति संगीत ध्वनि पर नाचते गाते भगवान का जयकारा लगाते हुए शामिल रहे। कर्ण घोड़ा को दशहरा स्थल से होता हुआ वापस राम लीला प्रांगण में विश्राम दिया गया। इस अवसर पर कमेटी के डायरेक्टर लाल जी प्रजापति, चंद्रभान सिंह उर्फ मल्लू , कृष्ण राज सिंह, अभय राज सिंह, ज्ञान सिंह, राजेंद्र सिंह अधिवक्ता, राम कुमार सोनी, शिव कुमार सोनी, भोला सोनी, प्रदीप कुमार शर्मा, शिव प्रसाद शर्मा, अच्छे लाल गुप्ता, गामा सिंह, नरेंद्र यादव, कल्लू यादव, सूर्या यादव, दिलीप सिंह, अमृत लाल भारतीय, गुलाब सिंह, अजीत सिंह, भानु प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह, महेंद्र श्रीवास्तव सहित आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

शास्त्री पुल पर जाम के दौरान मारपीट, वीडियो हुआ वायरल

अखंड भारत संदेश

झूंसी। शास्त्री पुल पर गुरुवार दोपहर भयंकर जाम लगने के बाद स्थिति बिगड़ गई। गाड़ियां इस कदर फंसी थीं कि वाहन एक इंच भी हिलने में असमर्थ हो गए। इस दौरान एक बाइक की टक्कर के बाद विवाद ने तूल पकड़ लिया, और कुछ लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के अनुसार, शास्त्री पुल पर यह घटना घटित हुई, जहां काला कोट पहने दो लोग टोपी पहने एक युवक पर बुरी तरह हमला करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है वीडियो की अखंड भारत संदेश पुष्टि नहीं करता है जाम के कारण पुल पर फंसी बाइक और कारें हिल भी नहीं पा रहीं, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। यातायात पुलिस का एक सिपाही दूर से खड़ा होकर जाम खुलवाने की कोशिश करता नजर आया, लेकिन वह मारपीट को रोकने में असमर्थ रहा। वहां मौजूद कुछ लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले के बढ़ने के बाद एक पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचा और स्थानीय लोगों की मदद से स्थिति को शांत किया। मारपीट करने वाले व्यक्तियों को अलग कर दिया गया और जाम को खुलवाने का प्रयास किया गया। इस घटना के कारण राहगीरों को काफी देर तक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, और यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बाधित हो गई। पुलिस से किसी ने लिखित शिकायत नहीं की।

20 हजार दो, नहीं तो जमीन गड्ढे में दिखा देंगे

रेवेन्यू इंस्पेक्टर को घसीटे हुए ले गई विजिलेंस टीम

प्रयागराज। विजिलेंस टीम ने सदर तहसील में रेवेन्यू इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते हुए पकड़ा। परिसर में ही घसीटते हुए ले गई। इस दौरान इंस्पेक्टर कहते सुने गए कि अभी छोड़ दो, मैं चल तो रहा हूं। मगर विजिलेंस टीम उन्हें सरेआम लेकर गई।रेवेन्यू इंस्पेक्टर (सर्वे) फहीमुद्दी के साथ सफाई कर्मचारी विनय कुमार को भी रिश्वत के ही मामले में पकड़ा गया है। वादी के मुताबिक, रेवेन्यू इंस्पेक्टर धमकी दे रहे थे कि अगर 20 हजार नहीं दिए तो तुम्हारी जमीन को गड्?ढे में दिखा दूंगा।शहर के कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर इलाके के रहने वाले विजय बहादुर पटेल उर्फ बब्लू पटेल विजिलेंस ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई।विजय का कहना है कि उनकी जमीन गाटा संख्या -287 ग्राम कछारमऊ परगना एवं तहसील सदर में है। इस पर परिवार का नाम दर्ज है। उक्त भूमि पर संजय सिंह, अबरार अहमद (आसिफ बाबा) आदि अवैध निर्माण करा रहे थे। जबकि उनकी जमीन गड्ढे में है। इस मामले की शिकायत एडीएम सदर से की गई तो उन्होंने जांच शुरू कराई। इसके बाद विजय राजस्व निरीक्षक से तहसील जाकर मिले तो फहीमुद्दीन ने कहा- 20 हजार रुपये देने होंगे तब रिपोर्ट लगेगी, वरना जमीन को गड्?ढे में दिखाकर रिपोर्ट लगा दी जाएगी।रिश्वत दिए जाने की बात तय हो गई तो विजय ने विजिलेंस टीम से संपर्क किया। रिश्वतखोरी में फहीमुद्दीन के साथ सफाई कर्मी विनय भी शामिल था। दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

न्यूज झरोखा

ध्वनि एवं प्रकाश के माध्यम से शुरू हुई रामलीला

नैनी। नैनी गुरुवार को सार्वजनिक रामलीला समिति ट्रस्ट स्वदेशी कॉटन मिल के द्वारा इस वर्ष की रामलीला का मंचन ध्वनि एवं प्रकाश के माध्यम से शुभ आरंभ हुआ। जिसमें संत और महात्मा के द्वारा मंचन का शुभ आरंभ करते हुए अपना आशीष वचन एवं आशीर्वाद समिति के संरक्षक पदाधिकारी एवं कलाकारों को प्रदान किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महंत अवधेश महाराज, महंत लालचंद महाराज, स्वामी चंद्र देव, संत करुणा मई जी, डॉक्टर शत्रुघ्न ब्रह्मचारी, स्वामी अमोहानंद महाराज, लक्ष्मीकांत शुक्ला, उपस्थित रहे। सम्मान की कड़ी में क्षेत्र के सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओ को मंच पर अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया गया। मंचन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें डायरेक्ट प्रिया मिश्रा के नेतृत्व में कलाकारों ने राम जन्म, टाड़का वध, अहिल्या उद्धार का संजीव मंचन किया गया। मंचन को देखते हुए दर्शक भोर विभोर हो गए जिसमें मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल, प्रमोद सिंह, योगेश सिंह, अजय यादव, दिलीप जायसवाल, आलोक सिंह, धनंजय सिंह, बृजेश सिंह, सुरेश पटेल, संदीप द्विवेदी, ऋषि कुमार पाण्डेय, आनंद शर्मा, रवीन्द्र त्रिपाठी, राजीव वर्मा, शिव तिवारी, रजत दूबे, विनोद यादव, मोनू शर्मा, समर सिंह, जय कृष्ण तिवारी, राजा सिंह, रितेश शुक्ला, सचिन वैश्य, बंटी पटेल, सौरभ पाण्डेय, धर्मराज पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

मानस रामलीला समिति का मंचन मुकुट पूजन के साथ शुरू हुआ

नैनी। नैनी मानस रामलीला समिति द्वारा मंचित रामलीला का शुभारंभ बृहस्पतिवार को मुकुट पूजन के साथ हुआ। वरिष्ठ आचार्य पंडित सुभाष ओझा शास्त्री ने मंचन स्थल पर वेद ध्वनि के मध्य भगवान श्री राम, माता जानकी, लखन लाल एवं वीर बजरंगी के मुकुट का पूजन अर्चन किया। मुकुट पूजन के उपरांत कोरांव की रामलीला समिति के कलाकारों द्वारा नारद मोह की लीला का अत्यंत भाव पूर्ण मंचन किया गया। देवर्षि नारद के काम विजय के अहंकार का नाश करने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु एक माया जनित नगर, एक राजकुमारी का स्वयंवर की रचना करते हैं। नारद जी राजकुमारी पर मोहित हो जाते हैं और अपनी सारी मयार्दा त्याग उससे विवाह करने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु से सुंदर रूप मांगते हैं। भगवान विष्णु उन्हें वानर रूप दे देते हैं और स्वयं स्वयंवर में जाकर राजकुमारी से विवाह कर लेते हैं। नारद जी क्रोधित होकर भगवान विष्णु को नारी विरह का श्राप दे देते हैं। भगवान के द्वारा अपनी माया समेट लेने पर जब नारद जी को वास्तविकता का भान होता है तो वह भगवान विष्णु से क्षमा याचना करते हैं। इस मौके पर समिति संरक्षक समर बहादुर सिंह, संयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, अध्यक्ष धीरेन्द्र यादव उर्फ धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, कार्यवाहक अध्यक्ष संजय जायसवाल, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राज सिंह, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, प्रदीप तिवारी, राकेश श्रीवास्तव, सुधीर प्रजापति, राजकुमार कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

महेश योगी आश्रम में कलश स्थापना के साथ हुआ पूजा अर्चना

नैनी। नैनी अरैल में महर्षि महेश योगी आश्रम में कलश स्थापना के साथ हुआ। मां शैलपुत्री का पूजा अर्चना आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव आश्रम प्रभारी बसंत दास के द्वारा महर्षि महेश योगी आश्रम परिसर में नवरात्र के प्रथम दिन कलश पूजन के साथ पूजा अर्चना करके मां शैलपुत्री का पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ विद्वानों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ कर विश्व कल्याण की कामना की। आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव, आश्रम प्रभारी बसंत दास ने कहा मां शैलपुत्री का पूजा अर्चना करने वाले सभी भक्तों का कष्ट का निवारण होता है। सभी खुशहाल रहते हैं। शैलपुत्री माता का पूजा अर्चना आश्रम परिसर में किया गया। मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि पूजा अर्चना के बाद सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण करवाया गया।

श्री अवंतिका रामलीला में अहिल्या उद्धार एवं पुष्प वाटिका की लीला का मंचन

नैनी। नैनी गुरुवार को श्री अवंतिका रामलीला में अहिल्या उद्धार एवं पुष्प वाटिका लीला का अत्यंत भावपूर्ण मंचन हुआ। शिला रुपी अहिल्या को राम अपने चरण स्पर्श से श्राप मुक्त कर देते हैं। अहिल्या भाव विभोर होकर भगवान राम की स्तुति करती है। विनती प्रभु मोरी में मति भोरी नाथ ना मांगहुं वर आना। पद पदुम परागा रस अनुरागा मम मन मधुप करै पाना। माता सीता सखियों संग गौरी पूजन के लिए जाती हैं। वहीं पुष्प वाटिका में भगवान राम और माता सीता एक दूसरे को देखते हैं और एक टक देखते ही रह जाते हैं । माता सीता मां गौरी से राम को वर रूप में पाने का वर प्राप्त करती हैं। रामलीला में प्रमुख रूप से बी बी दुबे, अवधेश पांडेय, आर के शुक्ला, बी बी सिंह , भागवताचार्य राजेंद्र शुक्ल, अनंत झा, डा. आस्था पांडेय, संजय चतुर्वेदी, एन बी दुबे, राकेश त्रिपाठी, धीरज मिश्रा, अरुण त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, राधेश्याम तिवारी, बजरंगी, बिल्लू आदि उपस्थित रहे।

निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

नैनी। नैनी बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती और शिवम अक्षयवट हॉस्पिटल की तरफ से मवैया गांव में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में लगभग 250 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क दवा वितरण किया गया शिविर में मुख्य रूप सेअस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके राय, जनरल फिजिशियन डॉक्टर सी बी उपाध्याय मुख्य फार्मासिस्ट अजय उपाध्याय सम्मिलित थे।

वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार का पैर कटा

झूसी। सरायइनायत थाना क्षेत्र के तेंदुई गांव निवासी विजय शंकर पाल (45) गुरुवार की सुबह दूध लेकर साइकिल से शहर जा रहे थे, जब एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए। पुल पर जाम के चलते विजय शंकर पाल साइकिल से शहर की ओर जाने वाली लेन में आ रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक मैजिक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनका दाहिना पैर कट गया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल विजय शंकर पाल को एसआरएन अस्पताल पहुंचाया। बाद में उनके परिजन भी मौके पर पहुंचे और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नैनी। नैनी गुरुवार को हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र छात्राओं, अध्यापकों एवं अभिभावकों के मध्य सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया। इस कार्यकम में महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य एवं परामर्शदाता मण्डल के सदस्य एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यकम के संयोजक डॉ0 राम, कुमार सिंह, प्रभारी दर्शनशास्त्र ने छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित कार्यकम के विषय में जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के आदर्श वाक्य को हमें अपने जीवन में चरितार्थ करना होगा। सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है, यदि हम सड़क सुरक्षा सम्बन्धी दिशा निदेर्शों का ईमानदारी से पालन करें। इस अवसर पर परामर्शदाता मण्डल की वरिष्ठ सदस्य प्रो० नीतू सिंह, विभाग प्रभारी गृहविज्ञान ने सड़क सुरक्षा की जानकारी प्रदान करते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यकम के सहसंयोजक डॉ अवधेश कुमार आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो० महेन्द्र प्रसाद, डॉ० भास्कर शुक्ल, डॉ० दीपक, डॉ अर्चना सिह, डॉङ्ग नूर फातिमा, डॉङ्ग इफ्तिकार अंसारी आदि उपसिथत रहे।

साहू कल्याण समिति द्वारा आयोजित की गई महात्मा गांधी जयंती समारोह

प्रयागराज। सत्य अहिसा के पुजारी राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने कहा था। दृढ़ इच्छा शक्ति ही हमे सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। माता पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं। परिवार द्वारा ही बच्चों में चारित्रिक विकास होता है। यह परम सौभाग्य है कि ईश्वर ने हमें मनुष्य जीवन में पैदा किया हैं। इस परम् सौभाग्य का सदा सदुपयोग करना चाहिए, आशा है युवा पीढ़ी समझ विकसित करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करेगी। उक्त बातें सर्व वैश्य चेतना समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि ओम साहू ने साहू कल्याण समिति यमुनापार नैनी द्वारा आयोजित राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस समारोह में कहीं। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर नीता साहू द्वारा राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण ब दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में हाई स्कूल ब इन्टर 2024 में उत्तीर्ण 31छात्रों को मेडल ब प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा नित्य गीत व भाषण प्रस्तुत किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार साहू, चंद्रिका प्रसाद साहू इंजीनियर संगम लाल गुप्ता दुर्गा प्रसाद गुप्ता राज बहादुर गुप्ता, डॉक्टर अरविन्द गुप्ता, मिलन साहू धैर्य प्रताप सरकार, लाल बहादुर साहू आदि ने विचार व्यक्त किया। समारोह का संचालन अध्यक्ष राम सागर गुप्ता ने किया। और कार्य क्रम को सफल बनाने में श्याम देव गुप्ता रविन्द्र गुप्ता, अजीत साहू डाक्टर धीरज साहू, प्रेम चंद्र साहू ओम प्रकाश साहू, अमृत लाल साहू, मिथुन साहू अमित साहू फूल चंद्र साहू उमा शंकर साहू वीरेंद्र साहू आदि लोगों का विशेष योगदान रहा है।

पाइपलाइन बिछाने के लिए हुए गड्ढे में उतरे मंडलायुक्त, मिट्टी हटाते ही निकल आया पानी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जल निगम की ओर से बिछाई जा रही पाइपलाइन के कार्य में बड़े स्तर पर अनियमितता पाई गई है। पाइपलाइन के लिए हुए गड्ढे का आधार ही मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। यहां तक कि वहां से मिट्टी हटाते ही पानी निकल आया। इस पर मंडलायुक्त ने खामियां दूर करने के साथ संबंधित अभियंता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है।मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बुधवार को मुंडेरा, विष्णुपुरी, ट्रांसपोर्ट नगर, चौफटका आदि स्थानों पर जल निगम की ओर से कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। चौफटका में पेयजल पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में मंडलायुक्त खुद उतर गए।मंडलायुक्त ने बताया कि पाइपलाइन के लिए तैयार किया गया आधार मानक के अनुरूप नहीं था। वह ऊंचा-नीचा था। इससे दबाव बढ़ने पर पालइलाइन में हमेशा लीकेज की आशंका बनी रहेगी। इसके अलावा उसकी गुणवत्ता भी ठीक नहीं पाई गई।इसी क्रम में मंडलायुक्त ने जांच के लिए गड्ढे में तैयार आधार की खोदाई कराई तो वहां से पानी निकलने लगा। इस पर नाराजगी जताते हुए मंडलायुक्त ने मौके पर मौजूद सहायक अभियंता को खामियां दूर करने के लिए कहा। साथ ही संबंधित अभियंताओं की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए। मंडलायुक्त ने मुंडेरा चुंगी के पास बिछाई गई सीवरलाइन के कार्य को भी देखा। वहां जीएसबी पर ठीक से रोलर नहीं चला था। इसके अलावा काम भी अधूरा पाया गया। वहां पर्याप्त संख्या में मजदूर भी नहीं थे। उन्होंने जेई को मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए मानक के अनुसार काम कराने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने अलोपीबाग, बालसन चौराहा पर मेन पाइपलाइन बिछाने के काम को भी देखा और सभी कामों की नियमित जांच कराते रहने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने अलोपीबाग पंपिंग प्लांट, मोरी नाले पर ट्रीटमेंट पद्धति आदि कार्यों का भी निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने झूंसी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और अन्य कार्यों को देखा। इसकी प्रगति काफी धीमी पाई गई। इस पर नाराजगी जताते हुए मंडलायुक्त ने अधीक्षण अभियंता को मैन पावर बढ़ाते हुए काम शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त द्वारा कुम्भ मेला एवं शहर की सफाई व्यवस्था तथा सीएम के सम्भावित नगर आगमन के दृष्टिगत किया गया निरीक्षण

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा मुख्यमंत्री जी के सम्भावित आगमन, कुम्भ मेला 2025, एवं शहर की सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत शहर के विभिन्न स्थलों पर हो रहे निर्माण कार्यों तथा नगर की सफाई व्यवस्था के कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता निर्माण तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत एवं समस्त अधिशाषी अभियन्ता व सहायक अभियन्ता अवर अभियन्ता, महाप्रबन्धक जलकल, समस्त जोनल अधिकारी तथा सम्बन्धित सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त प्रयागराज द्वारा सर्वप्रथम लिडिल रोड एवं आस-पास क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया लिडिल रोड पर सीवर चोक एवं ओवर फ्लो के कारण जल जमाव की पाया गया सड़क पर पानी भरा होने कारण कई स्थानों पर कूडा एवं प्लाटिक आदि पाया गया। जिसके कारण नगर आयुक्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाई गयी, तथा जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि तत्काल जार्जटाउन एवं लिडिल रोड एवं आस-पास की सभी स्थानों पर से तत्काल सफाई कराने के साथ ही नियमित सफाई कार्य कराने के निर्देश दिये गये। महाप्रबन्धक जलकल एवं अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को मौके पर ही पम्प लगवा कर चोक सीवर लाइन की सफाई कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये।नगर आयुक्त द्वारा भारद्वाज पार्क का निरीक्षण किया गया इस दौरान छोटी-छोटी कमियॉ पायी गयी जिसके लिए पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार को निर्देशित किया गया कि पार्क में जो भी कमियां हैं उसे तत्काल दुरूस्त कराए। भारद्वाज आश्रम का भी निरीक्षण किया गया इस दौरान आश्रम के गेट पर काफी मात्रा में मलवा तथा अन्दर जाने वाले मार्ग पर भी मलवा पाया गया। आश्रम के गेट पर आस-पास अवैध रूप से होर्डिंग बैनर लगे हुए पाए गये। नगर आयुक्त द्वारा अधिशाषी अभियन्ता जोन 3 को निर्देशित किया गया कि उक्त गलियों में दीवारों पर वाल-पेटिंग कराये जाने तथा मलवा हटवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। अपर नगर आयुक्त बिन्द तथा उप प्रभारी अतिक्रमण को अवैध लगी हुई होर्डिंग बैनर को हटवाने हेतु निर्देशित किया गया तथा अपर नगर आयुक्त ए को अवैध दुकानों पर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। अक्षय वट का निरीक्षण किया गया इस दौरान अक्षय वट के गेट पर कटे हुए झाडियों पायी गयी जिस समबन्धित फर्म के प्रतिनिधी से समनव्यय स्थापित करते हुए हटवाना सुनिश्चित करें,प्रयाग स्टेशन के आस-पास सम्पूर्ण क्षेत्र में कूडा-कचरा, रोड साइट मलवा आदि को हटवाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा जोनल अधिकारी जोन 4 तथा अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया गया। इसी तरह नैनी स्टेशन के सामने प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा कुम्भ मेला 2025 का कार्य कराया जा रहा था जिसके दृष्टिगत नगर आयुक्त द्वारा आस-पास एकत्रित कूडा-कचरा, रोड साइट मलवा आदि पाया गया। पीडीए के अधिशाषी अभियन्ता से समनव्यय स्थापित करते हुए सम्बन्धित फर्म द्वारा आवश्यक कार्यवाही अमल में लाए, साथ ही स्टेशन के आस-पास अवैध अतिक्रमण को हटवाए जाने हेतु अपर नगर आयुक्त ए को निर्देशित किया गया। नैनी सरगम टाकिज से छिवकी स्टेशन तक निरीक्षण किया गया इस दौरान निर्माण कार्य होते पाया गया साथ ही आस-पास कूडा-कचरा गन्दगी रोड साइट मलवा तथा रोड साइट शिल्ट आदि पायी गयी जिसे हटवाने हेतु जोनल अधिकारी तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को, मलवा हेतु अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया गया। शिवालय पार्क तथा सीएनजी प्लांट का निरीक्षण किया गया। शिवालय पार्क में कार्य धीमी गति से होता पाया गया जिससे नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी फटकार लगाते हुए आर्टी कल्चर के कार्यो में तेजी लाए के निर्देश दिये गये। अरैल घाट वेनीमाधव मन्दिर का निरीक्षण किया गया, नगर आयुक्त द्वारा मन्दिर के आस पास साफ-सफाई कराए जाने के निर्देष दिये गये।

कन्याकुमारी से कश्मीर तक राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा पहुंची प्रयागराज

प्रयागराज। आत्मज्ञान की विस्मृति ही दुखों का कारण है। हमारा अज्ञान ही हमारे दुखों का कारण है। कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं। अच्छाइयां - बुराइयां सबके भीतर है। हमे दुर्बलताओं, कठिनाइयों से घबराना नहीं है। उन कठिनाइयों को दूर करने की जो प्रेरणा, जो शक्ति, जो सामर्थ्य है वह अध्यात्म के आलोक से, स्वर्वेद के स्वर से एक साधक को अवश्य ही प्राप्त होता है। क्योंकि हमारे भीतर अंतरात्मा रूप से परमात्मा ही तो स्थित है। उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज ने संकल्प यात्रा के क्रम मे शहर के केसरी भवन, तुलाराम नगर मे में आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किये।महाराज जी ने बताया कि आज मन पर नियंत्रण न होने से समाज में विसंगतियाँ बढ़ रहीं हैं। युनेस्को की एक प्रस्तावना कहती है कि युद्ध की प्राचीरें कुत्सित मन से निकलती हैं। अतः मन पर नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे मन में असीम शक्ति है। ईश्वर ने हमें बड़ी शक्तियों वाला अन्तःकरण दिया है। मानव के मन में अशांति है और जब तक यह अशांति है तब तक विश्व में शांति की कल्पना नहीं की जा सकती। मन की अशांति को विहंगम योग की ध्यान साधना के द्वारा दूर किया जा सकता है। उन्होंने जय स्वर्वेद कथा के क्रम में कहा कि भारत की आत्मा का नाम अध्यात्म है*। आध्यात्मिक महापुरुषों के बदौलत ही भारत विश्व गुरु रहा है, विश्वगुरु है और मैं कहता हूं भारत विश्व गुरु रहेगा। संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विहंगम योग के क्रियात्मक योग साधना को सिखाया। कहा कि यह साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने के लिए है।संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज की दिव्यवाणी जय स्वर्वेद कथा के रूप में लगभग 2 घंटे तक प्रवाहित हुई । स्वर्वेद के दोहों की संगीतमय प्रस्तुति से सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। आयोजकों ने बताया कि विहंगम योग सन्त समाज के शताब्दी समारोह महोत्सव एवं 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज 7 जुलाई से दक्षिण भारत कन्याकुमारी से संकल्प यात्रा का शुभारंभ हो चुका है। संकल्प यात्रा दक्षिण भारत तमिलनाडु केरल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, बिहार, झारखण्ड, बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, मणिपुर के बाद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज मे संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

डीएम ने की आईजीआरएस के सम्बंध में नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

एसडीएम व बीडीओ प्रत्येक सप्ताह करें एजेण्डा के अनुसार बैठक

गम्भीर प्रकरणों के निस्तारण में एसडीएम व बीडीओ स्वयं करें स्थलीय निरीक्षण

सभी शिकायती पत्रों में दर्ज हो शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर

जिलाधिकारी स्वयं प्रतिदिन करेंगे 10 शिकायतकताओं से बात, लेंगे उनका फीडबैक

प्रयागराज। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में आईजीआरएस के सम्बंध में समस्त नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का निस्तारण शासन की मुख्य प्राथमिकता में हैं और मुख्य सचिव जी के द्वारा प्रतिदिन इसकी मानीटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने आवेदक द्वारा निस्तारण पर दिए गए फीडबैक की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिशाषी अभियंता विद्युत के कुल फीडबैक 405 के सापेक्ष अवशेष 240 फीडबैक, अधिशाषी अभियंता प्रान्तीय खण्ड के कुल फीडबैक 52 के सापेक्ष 39 अवशेष फीडबैक, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के कुल फीडबैक 32 के सापेक्ष अवशेष फीडबैक की संख्या 24 होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें सचेत किया कि भविष्य में सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करते हुए सभी फीडबैक अवश्य लिए जाये।जनपद की खराब रैंकिंग व असंतुष्ट फीडबैक की अधिक संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह स्थिति अस्वीकार्य है, इसलिए आप सभी आईजीआरएस पोर्टल पर अपने विभाग से सम्बंधित शिकायतों की प्रतिदिन स्वयं समीक्षा करें और शिकायतकर्ता से स्वयं वार्ता करेंगे और यदि शिकायत उचित है, तो उसका समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कार्यालयों में बनाये गये आईजीआरएस फीडबैक रजिस्टर में किससे, कब बात की तथा शिकायतकर्ता का फीडबैक क्या था, को उल्लिखित करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को 15 दिवस के अंदर सभी संदर्भों का निस्तारण सुनिश्चित करते हुए किसी भी दशा में कोई प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में न होने पाये। उन्होंने सभी एसडीएम व बीडीओ को लम्बित बिंदुओं पर एजेण्डा प्वाइंट बनाते हुए प्रत्येक सप्ताह सम्बंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ बैठक कर उन्हें निस्तारित कराये जाने का निर्देश दिया है।उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए उनका श्रेणीकरण अवश्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बैठक में सभी अधिकारियों को आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण हेतु आख्या प्रारूप उपलब्ध कराते हुए सभी को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण करते हुए प्रत्येक निस्तारण की आख्या इसी प्रारूप पर सभी लोग उपलब्ध करायेंगे। इसका कड़ाई से अनुपालन करते हुए आख्या इसी निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि यदि अन्य विभाग से सहयोग अपेक्षित हो, तो समन्वय कर प्रकरण को निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय में 10 से 12 बजे के मध्य अवश्य ही जनसुनवाई करें और उसके पश्चात भी प्रत्यावेदन लेकर आने वाले सभी व्यक्तियों से अवश्य मिले तथा यदि कार्य तुरंत ही कराये जाने योग्य हो, तो अपने कार्यालय के सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी के माध्यम से प्रकरण का निस्तारण कराते हुए उन्हें संतुष्ट भी करने का प्रयास करें।उन्होंने कहा कि आप सभी लोग अपने अधीनस्थ सभी कामिंकों से साथ बैठक कर कार्यों को सुचितापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि यदि आपके अधीनस्थ कर्मचारी कार्यों में लापरवाही या शिथिलता बरतता है, तो उसके विरूद्ध कार्यवाही भी करें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, सभी उपजिलाधिकारी सहित अन्य सभीसम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बेल्हा देवी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की कतार।

नवरात्र के पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा बेल्हा देवी में लगी रही लम्बी कतार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नवरात्र के पहले दिन आज गुरुवार को हिन्दू परिवार के सदस्यों ने व्रत रहकर मां शैल पुत्री की पूजा की। घरों में कलश बैठाये गये और देवी मंदिरों में सुबह से ही कतारें श्रद्धालुओं की लगी रही।

बेल्हा देवी मंदिर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिये बैरीकेटिंग लगाई गई है जिससे क्रमबद्ध होकर श्रद्धालु मां बेल्हा देवी का दर्शन कर रहे थे। बता दें कि मां दुर्गा के नौ स्वरुपों में प्रथम स्वरुप भगवती शैल पुत्री का है। पर्वतराज हिमवान की पुत्री होने के कारण ये शैलपुत्री के नाम से जानी जाती हैं। इनके सिर पर अर्द्धचंद्र और स्वर्ण मुकुट सुशोभित है। अपने पूर्व जन्म में इन्होंने दक्ष कन्या के रुप में अवतार लिया था। उस समय इनका नाम सती था। वहां भी इन्होंने अपनी कठिन तपस्या से भगवान शिव को प्रसन्न करके उन्हें पति रुप में प्राप्त किया था। पिता के यक्ष में अपने पति की उपेक्षा देख इन्होंने योगाग्नि में स्वयं को भस्म कर लिया था और दूसरे जन्म में हिमालय की पुत्री के रुप में जन्म हुई और पुनः भगवान शंकर की अर्द्धांगिनी बनी। मनोवांछित सिद्धि के लिये इनकी उपासना नवरात्र पूजन के प्रथम दिन की जाती है।

लोकपाल की अध्यक्षता में चमरूपुर शुक्लान में हुई मजदूर चौपाल

सक्रिय मजदूरों की सूची पंचायत भवन में चस्पा करने का निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत चमरूपुर शुक्लान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयन्ती के अवसर मनरेगा चैपाल का आयोजन लोकपाल मनरेगा समाज शेखर प्राण की अध्यक्षता में हुआ। लोकपाल ने मजदूरों की यथास्थिति व समस्याओं का चिन्हांकन किया वहीं सभी की मांग पर सक्रिय मजदूरों की सूची एक सप्ताह के भीतर पंचायत भवन में बैनर लगाकर सार्वजनिक करने का निर्देश ग्राम पंचायत सहित रोजगार सेवक को दिया।

जिला विकास अधिकारी व प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी को 2023-24 व 2024-25 की अभी हाल ही में हुई सोशल आडिट की आख्या अबिलम्ब 5 अक्टूबर तक उपलब्ध कराने हेतु दूरभाष पर वार्ता करके निर्देश दिया। साथ ही ग्राम की अपेक्षित जांच रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा जिससे नियमानुसार 1 माह के भीतर 5 अक्टूबर तक उक्त परिवाद का निस्तारण हो सके। बिलम्ब होने पर इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित अधिकारी की होगी। पंचायत भवन चमरूपुर में आयोजित मजदूर चैपाल में मजदूरों व ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुए लोकपाल समाज शेखर ने सभी को गांव के विकास हेतु ईमानदारी से अपनी भूमिका निर्वहन करने का आवाहन किया।

राज्यसभा सांसद से मिला व्यापार मंडल प्रतिनिधि

राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी से मुलाकात करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

बाजार की समस्याओं के निदान के लिये दिया ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। बाजार की विभिन्न समस्याओं को लेकर व्यापार प्रतिनिधि मंडल राज्य सभा सांसद से मुलाकात की। अध्यक्ष की अगुवाई में ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के निदान हेतु आग्रह किया। स्थानीय तहसील क्षेत्र के रानीगंज कैथौला व्यापार मंडल का समूह बुधवार को राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी से मुलाकात की।

इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बाजार की समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं के निदान हेतु आग्रह किया। अध्यक्ष पवन अग्रहरी ने बताया की बिजली की समस्या के साथ जल व्यवस्था की महत्वपूर्ण समस्या से बाजार वासी जूझ रहे हैं। कौशिल्यापुर जल निगम की टंकी से जलापूर्ति आए दिन बाधित रहती है। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए राज्य सभा सांसद ने व्यापारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान होने की बात कही। इस मौके पर व्यापार मंडल के संरक्षक प्रमोद सिंह,वरिष्ठ सदस्य शरद सिंह, रामबाबू सोनी, सूर्यप्रकाश पांडेय, राज केसरवानी, दिनेश सिंह वैद्य, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, बबलू गौर, मोविन खां, धीरज जायसवाल, मुन्ना गुप्ता, नितिन सिंह आदि मौजूद रहे।

अमरगढ़ राजा बाज़ार मार्ग हुआ जानलेवा, गड्ढो में तब्दील

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। अमरगढ़ बाजार से राजा बाजार जाने वाली मुख्य सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिसमें गिरकर यात्री रोज घायल हो रहे हैं विभाग शायद बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गड्ढा मुक्त अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

विभागीय अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश को ठेगा दिखा रहे हैं। पट्टी तहसील क्षेत्र के अमरगढ़ से राजा बाजार को जाने वाली मुख्य सड़क सीधे प्रतापगढ़ से जौनपुर जनपद को जोड़ती है। इस सड़क का निर्माण पीएमजीएसवाई द्वारा निर्माण कराया गया था। चार किलोमीटर लंबी सड़क मानक को ताख पर रखकर बनवाई गई। और बरसात होते ही सड़क पहले तो गड्ढा युक्त हुई उसके बाद तालाब युक्त हुई और अब कीचड़ युक्त हो गई है। चालू रोड होने के कारण खस्ता हाल सड़क पर यात्री रोज गिरकर घायल हो रहे हैं और गड्ढा युक्त सड़क जहां पर मुख्यमंत्री के आदेश को ठेंगा दिखा रही है वहीं पर बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। बार-बार शिकायत के बाद भी सड़क ठीक न कराए जाने से क्षेत्रीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। जिला एंटी करप्शन के जिला अध्यक्ष अभिषेक पांडेय समाजसेवियों बुद्धिजीवियों क्षेत्रीय जनों सहित क्षेत्रीय लोगों ने इस गंभीर समस्या की ओर जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र सड़क को ठीक कराए जाने की मांग की है।

रामलीला मैदान में जमा पानी को सक्शन मशीन से निकाला गया

मैदान को साफ-सुथरा करने की नगर पालिका ने की तैयारी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नवरात्र के पहले दिन से ही रामलीला मैदान में नगर पालिका राम सीता चबूतरे के पास हुए जलभराव को सक्शन मशीन लगाकर पानी को निकालने का कार्य किया गया। बता दें कि यहां वर्षा का पानी एकत्र हो गया था जिससे रामलीला मैदान में दशहरे के दिन होने वाली भीड़ में कोई असुविधा न हो, इसके लिये नगर पालिका पानी को निकालने के बाद सफाई कर पूरे रामलीला मैदान को चाक चैबंद करने की तैयारी में लगी है।

सक्शन मशीन से पानी निकालती नगर पालिका की टीम।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर नगर पालिका के ईओ राकेश कुमार ने अपनी टीम को पूरी कार्य योजना बता दी है जिसकी कार्यवाही आज शुरु कर दी गई। उन्होंने बताया कि वर्षा का पानी निकल जाने के बाद साफ-सफाई का कार्य शुरु होगा। बता दें कि विजयदशमी के दिन इसी रामलीला मैदान में राम रावण युद्ध के बाद रावण का पुतला धू-धूकर जलता है। इसे देखने के लिये बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इसके लिये रामलीला मैदान की सफाई की जिम्मेदारी नगर पालिका निभाती है। सफाई निरीक्षक ने यह भी कहा कि यदि वर्षा न हुई तो पूरी व्यवस्था जल्दी ही चाक चैबंद हो जाएगी।

बिजली के बिल को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट दोनों ने थाने पर की शिकायत

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। बिजली का बिल जमा करने को लेकर हुए विवाद में दो सगे भाइयों में मारपीट हो गई। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी मेहंदी हसन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी के नाम से पूर्व में बिजली का कनेक्शन लिया गया था। अब उसने अलग मकान बना लिया है और अपनी पत्नी के नाम के कनेक्शन वाले केवल को अपने नए घर में जोड़ लिया है। पूर्व में उसके अन्य भाइयों ने भी बिजली का उपयोग किया था। जिसका बिल जमा करने की बात को लेकर बुधवार की शाम विवाद हो गया और दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। वहीं दूसरे पक्ष से उसके भाई जुम्मन ने भी बिजली के बिल को लेकर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

कुशल शिक्षक अपने शिष्य का मार्गदर्शक व अभिभावक भी होता है: उमेश द्विवेदी

शिक्षक विधायक ने विशिष्ट कार्यों के लिए 21 शिक्षकों को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शिक्षक और शिक्षक हित सर्वोच्च के पक्ष में संगठन, संघर्ष करके शिक्षकों को परिणाम दिलाता है। वहीं छात्रों की उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और कभी हार न मानने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यार्थी-शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही भविष्य में देश के बेहतर नागरिक बनते है। यह बातें लखनऊ खण्ड शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ द्वारा सच्चा बाबा आश्रम, बराछा में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किया।

शिक्षक सम्मान समारोह में बोलते शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी।

एम0एल0सी0 विधायक द्विवेदी ने कहा कि हमारे शिक्षक हमें सिर्फ विषय ही नहीं बल्कि जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करना भी सिखलाते है। संचालन जय प्रकाश पाण्डेय महामंत्री ने किया। अध्यक्षीय सम्बोधन में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (माध्यमिक) जिलाध्यक्ष प्रभात त्रिपाठी ने कहा कि हम सबके जीवन में शिक्षकों का अहम भूमिका है। शिक्षक ही समाज कि सोच और प्रगति को आगे बढ़ाते है। कार्यक्रम में रा0शै0महासंघ प्राथमिक जिलाध्यक्ष अशोक राय ने कहा कि शिक्षक भविष्य निर्माता होते हैं, जो समाज का दर्पण बनकर हमें वास्तविकता से परिचय कराते हैं। अमर स्वतंत्रता सेनानी, बलिदानी सैनिक और दिवंगत शिक्षकों की पावन स्मृति में आयोजित पितृ विसर्जन कार्यक्रम संयोजक डा0विनोद त्रिपाठी ने कहा कि पूर्वजों के त्याग और बलिदान से वर्तमान पीढ़ी स्वतंत्र भारत में निरूशुल्क आक्सीजन प्राप्त कर रही है। वि0 बीटीसी शिक्षकों के संघर्ष में सहयोग और समर्थन करने वाले 21 विशिष्ट योध्दाओ को संघ द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में विधायक ने अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र सौपकर सम्मानित किया।

ट्रांसफार्मर जलने से सैकड़ो घरों की बत्ती गुल

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। ट्रांसफार्मर जलने से गर्मी से लोग हो रहे हैं परेशान शिकायत के बावजूद भी नहीं बदल गया जला हुआ ट्रांसफार्मर। पट्टी तहसील क्षेत्र के पूरेदलपतशाह गांव में एक हफ्ते से ट्रांसफार्मर जल गया है।जिससे लोगों की घरो की बत्ती गुल हो गई। इतना ही नहीं इस भीषण गर्मी में लाइट ना आने से लोगों की रातों की नींद हराम हो गई है। और मच्छरों का प्रकोप भी गांव में इतना ज्यादा है कि लोग सो नहीं पा रहे हैं। मामले की शिकायत विद्युत कर्मियों से ग्रामीणों ने किया लेकिन आज तक जला हुआ ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया। गांव के रहने वाले अमरनाथ सिंह, राय साहब सिंह, कविता सिंह, राम सिंह आदि लोगों ने जिले की उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलवा जाने की मांग की है।

कौन था शिक्षा मित्र पवन सिंह का कातिल? मर्डर मिस्ट्री मे उलझी पुलिस

वर्षो गायब रहने के बाद बोरे मे मिले शव का डीएनए टेस्ट के बाद की हुयी है हत्या

अखंड भारत संदेश

कुण्डा प्रतापगढ़। फरवरी 2023 मे संदिग्ध परिस्थितिओं मे गायब हुए जमेठी के रहने वाले युवक का वर्षो पता नही चला, बाई पास के बगल सितंबर 24 मे मिले एक नर कंकाल का डीएनए टेस्ट जब गायब युवक से मैच हुआ तो ज्ञात हुआ की ये कंकाल डेढ़ वर्ष पूर्व गायब युवक जमेठी निवासी और शिक्षा मित्र पवन सिंह का है।

इस बात की जानकारी होने पर उनके भैंकी तहरीर पर हत्या का मुकदमा अज्ञात लोगों पर दर्ज कर लिया गया। लेकिन कहानी वहीं की वहीं रुकी है की आखिर कौन है पवन सिंह का कातिल, एक शिक्षक पेशे व्यक्ति की हत्या हो जाना वर्षो उसके बारे मे पता नही लगना, गायब होने के 18 महीने बाद बाई पास के पास एक बोर से बरामद नरकंकाल का मिलना, उसकी डीएनए जाँच मे ये प्रमाणित होना की कंकाल गायब युवक पवन सिंह का ही है। इस सिलसिले मे हमने मृतक के बड़े भाई पंकज सिंह से बात किया। पंकज सिंह मुंबई मे रहते है और भाई के कंकाल मिलने के बाद कुण्डा आये तो हमने उनसे बात किया। उनका कहना है की उनका छोटा भाई निहायत ही शांत प्रवित्ती का युवक था और किसी से उसकी कोई अदावट नही चल रही थी और ऐसे मे उसकी हत्या हो जाना उन्हे मानसिक पीड़ा पहुचा रहा है। हालांकि उन्होंने इशारों मे एक बात जरूर कही की उनकी निजी जिंदगी से जुड़े लोगों को यदि पुलिस कड़ाई से पूछताछ करे तो हत्या का राज खुल सकता है। इधर कुण्डा पुलिस का कहना है कभर विदुओं की जाँच करवाई जा रही है, जल्दी ही मामला खोल दिया जायेगा।

25 शीशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के साथ युवक को पकड़ा है। लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने युवक को जेल भेज दिया। कंधई थाना के एसआई मिथिलेश चैरसिया अपने हमराहियों संग बुधवार को मंदाह बैरियर पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सफेद रंग की बोरी में 25 शीशी अवैध शराब को शिबू उर्फ विवेक निवासी नैनी प्रयागराज बेचने ले जा रहा था। एसआई ने बताया कि पकड़ा गया युवक अवैध शराब बेचता है उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

रानीगंज पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रानीगंज के उ0नि0 अमित कुमार सिंह मय हमराह का0 मनोज कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी, दबिश के दौरान रानीगंज से संबंधित वारण्टी अभियुक्त राधेश्याम पाण्डेय पुत्र सरजू पाण्डेय निवासी ग्राम खमपुर दूबेपट्टी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

देश में भाईचारे को बढ़ाते हुए नफरत को दिल से करें समाप्त: राजेन्द्र केसरवानी

महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। महात्मा गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने व्यापर मंडल के अन्य समस्त पदाधिकारियों की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती पर देशवासियों से देश में अहिंसा व शांति के पथ पर चलते हुए आपस में प्रेम व्यवहार करने का संदेश दिया।

गांधी शास्त्री जयंती के पावन बेला पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने व्यापारियों व लोगों से अपील की कि सभी देश में भाईचारे को बढ़ाते हुए आपसी ईर्ष्या द्वेष कटुता और नफ़रत को दिल से समाप्त कर राग प्रेम मित्रवत व्यवहार और संबंधों में मधुरता को अपनाएं क्योंकि गांधी शास्त्री सहित देश के सभी शहीद देशभक्तों का यही सपना था। इस मौके पर अभय खंडेलवाल, संजय सोनी, राहुल केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, सुनील जायसवाल, सरदार महेन्द्र सिंह, विष्णु सिंह, अख्तर राइन, मनीष, पवन अग्रवाल, सरदार कुलविंदर सिंह, गुंजन, शकील अख्तर, जगदीश मौर्य, जंबो प्रदीप यादव, सरदार वसिंदर सिंह, सुधीर केसरवानी आदि मौजूद रहे। साथ ही बच्चे आयुष राज सेठ रचित केसरवानी व अन्य भी उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

पट्टी, प्रतापगढ़। इलाके में धूमधाम से दो महापुरुषों की जयंती मनाई गई। सरकारी संस्थानों पर ध्वजारोहण कर शपथ भी दिलाई गई। दो अक्टूबर को भारत देश में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाती है। बुधवार को भी सुबह तहसील परिसर में एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद कोतवाली में कोतवाल आलोक सिंह के अलावा अन्य सरकारी संस्थानों में संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पट्टी कोतवाली में कोतवाल आलोक सिंह ने शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार सभी पुलिसकर्मियों को स्वच्छता आदि के प्रति शपथ दिलाई। इसी तरह आसपुर देवसर थाने पर थाना अध्यक्ष संतोष सिंह ध्वजारोहण कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी और पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई।

गंदे पानी में कैद परिवार, रेलवे मना रहा स्वच्छता पखवाड़ा

गंदगी और बदबू के बीच रहने को मजबूर रेल कर्मी और उनका परिवार

नई रेलवे कालोनी के कई क्वार्टरों में बह रहा नाले का पानीश

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। रेलवे इन दिनों जोर शोर से स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। लाखों, करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नई रेलवे कालोनी के दर्जनों क्वार्टरों जलमग्न है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से इनमें गंदा पानी बह रहा है, जिसमें रहने वाले रेल कर्मी और उनका परिवार नारकीय जीवन बिताने को मजबूर हैं।

यहां का रेल प्रशासन इस गंदगी को साफ करने और यहां के लोगों को नरक से निकालने में कोई रूचि नहीं ले रहा है। उनकी घोर उदासीनता स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में एक धब्बा साबित हो रही है। लेकिन इसका जरा भी अफसोस उन्हें नहीं है। पीड़ित कर्मचारियों की फरियाद यहां के एडीईएन, आईओडब्लू सीएचआई के नक्कारखाने की तूती साबित हो रही है। जो रेलवे की छवि की धूमिल कर रही हैं। क्वार्टरों के पीछे सीवर पाइप काफ़ी समय से टूटी है, जिसको बनाया नहीं गया है। जल निकासी न होने से हल्की सी बारिश में सीवर का पूरा गंदा पानी क्वार्टरों में घुस जाता है। जो बिना निकाले नहीं निकलता है। ट्रेन मैनेजर संतोष तिवारी का कहना है कि वाशिंग लाइन का भी पानी कालोनी में भर जाता है। इसकी शिकायत कई बार की गई कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कर्मचारी को ड्यूटी करने में दिक्कत आ रही है। ट्रेन मैनेजर केके तिवारी का कहना है कि कई कई दिन बीत जाता है। पानी नहीं आता है। ऐसे में नहाने और कपड़े आदि धोने में बहुत दिक्कत आती है। क्वार्टरों में गंदगी ऊपर से भरी है। कर्मचारी और उसका परिवार गंदगी और बदबू के बीच घुटने को मजबूर है। बच्चों को परेशानी हो रही है। एसएस,आईओडब्लू सभी को इसके बारे में कई बार बताया गया है। आज भी बताया है।

रेलवे कालोनी में हुआ जलभराव।

क्या कहते हैं अधिकारी?...

प्रतापगढ़। इस बारे में कार्य निरीक्षक कालोनी का कहना है कि कालोनी नीचे है। चारों तरफ से बारिश का पानी भर जाता है। क्वार्टरों के दरवाजे पर बंधक बनाया गया। खास बात यह है कि कार्य निरीक्षक इतना सब बता गए। लेकिन समस्या कैसा हल होगी। उससे पल्ला झाड़ लिए। एडीईएन का फोन नहीं उठा।

कर्मचारियों के डांस पर डीएम हुए सख्त, मांगा स्पष्टीकरण

प्रतापगढ़। लालगंज में एक राजस्व कर्मी की विदाई समारोह में कुछ कर्मचारियों द्वारा बार बालाओं के साथ डांस करने का वीडियो वायरल होने पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने नाराजगी जताई है और इसकी जांच एसडीएम लालगंज को सौंपते हुए कहा कि इसमें कौन-कौन से राजस्व कर्मी शामिल थे, उनका स्पष्टीकरण मांगकर भेजा जाए और ऐसे कभी कोई कार्य न किये जाएं, जिसका समाज पर प्रतिकूल असर पडे।

पीट पीटकर चचेरे भाई की बेरहमी से हत्या

सराय अकिल के अकबराबाद गुहौली गांव में एक दिन पहले भी हुआ था दोनों परिवारों में विवाद नहीं चेती थाना पुलिस

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के अकबराबाद गुहौली गांव में गुरुवार को दिन दहाड़े लोहे के रॉड से पीट पीटकर भाई ने चचेरे भाई की बड़ी बेरहमी से हत्या कर दिया है दिनदहाड़े हत्या की वारदात के बाद एक बार फिर इलाके में भय और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है और पुलिसिया कानून की धज्जियां उड़ रही है हत्या की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस फोर्स ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हत्या के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है एक दिन पहले बुधवार को दोनों परिवारों के बीच जमकर विवाद हुआ था लेकिन थाना पुलिस ने दो परिवारों के बीच जमीनी विवाद को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जिससे दूसरे दिन हत्या की घटना घटित हो गई है मामले में थाना पुलिस की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के अकबराबाद गुहौली गांव में पैतृक संपत्ति के विवाद को लेकर दो सगे भाइयों कुलदीप यादव पुत्र केमल प्रसाद यादव व महराजे यादव पुत्र केमल प्रसाद यादव के परिवार के मध्य लम्वे समय से विवाद चल रहा है बुधवार को भी जमकर विवाद हुआ था गुरुवार को हुए विवाद में कुलदीप यादव के पुत्र संदीप यादव को लोहे के रॉड से पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया है जिला अस्पताल मंझनपुर भेजा गया जहां डॉक्टरों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया ,पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।।

हत्या के बाद फिर उजागर हुई अधिकारियों की लापरवाही

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के अकबराबाद गुहौली गांव में दोनों परिवार के बीच लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा है और बार-बार थाना समाधान दिवस तहसील समाधान दिवस से लेकर अधिकारियों की चौखट पर जमीनी विवाद निस्तारण करने के लिए पीड़ित परिवार द्वारा फरियाद की गई लेकिन जमीनी विवाद के मामले में बार-बार गुणवत्तापूर्ण त्वरित न्याय पूर्ण निस्तारण करने के अधिकारियों के निर्देश के बाद भी थाना पुलिस और संबंधित राजस्व विभाग ने जमीनी विवाद का निस्तारण नहीं किया जिसके चलते हत्या की घटना गुरुवार को देखने को मिली है इस हत्या के बाद एक बार फिर थानेदार और संबंधित राजस्व के अधिकारियों की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि यदि मामले का निस्तारण समय रहते कर दिया होता तो हत्या की वारदात न होती राजस्व के मामले के निस्तारण में लापरवाही करने वाले थानेदार और राजस्व अधिकारियों पर आला अधिकारी क्या कार्यवाही करेंगे यह बड़ा सवाल खड़ा है।

राज्य स्तरीय राइफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 21 छात्र रवाना

अझुवा कौशाम्बी। मेरठ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कौशांबी जिले से 21 छात्र छात्राएं ट्रेन से रवाना हो गए हैं 4 अक्टूबर से लेकर 6 अक्टूबर तक मेरठ में 68 वी राज्य स्तरीय राइफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी इस प्रतियोगिता में प्रयागराज मण्डल में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार के सार्वाधिक 21 छात्र छात्रायें प्रतिभाग कर कौशाम्बी जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे सिराथू रेलवे स्टेशन से विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी आदित्य कुमार सिंह अरविन्द कुमार ,बलवन्त कुमार, ललित कुमार, हरिओम पाठक, अमित यादव आदि शिक्षकों के द्वारा राज्य स्तरीय रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मेरठ जाने वाले छात्र छात्राओं को माल्यार्पण कर जीत की अग्रिम शुभकामनाएँ देकर संगम एक्सप्रेस से शिक्षकों ने विदा किया।

बालिकाओं ने चचेरे भाइयों पर लगाए गंभीर आरोप

महेवा घाट कौशांबी पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव की तीन बालिकाओं ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी माता का एक वर्ष पहले निधन हो चुका है माता के निधन के बाद उसका पिता शराब पीने का शौकीन है और चचेरे भाइयों के साथ वह शराब पीकर घर में उत्पात मचाता है गाली गलौज करता है और चचेरे भाइयों का साथ देता है बालिकाओं ने बताया कि उनका चचेरा भाई उनके साथ अश्लील हरकत करता है आए दिन छेड़खानी करता है विरोध करने पर मारपीट करता है उनके साथ जबरदस्ती संबंध बनाने का प्रयास करता है बालिकाओं का कहना है कि उनका शराबी पिता बेटियों की बात सुनने के बजाय चचेरे भाइयों की बात सुनकर के बेटियों को ही मारता पीटता है बालिकाओं ने बताया कि 27 सितंबर की रात्रि 9:00 बजे चचेरे भाई घर के भीतर जबरिया घुस गए हैं बलात्कार करने का प्रयास किया है कपड़े फाड़ दिए गए हैं बालिकाओं ने शोर मचाया तो बालिकाओं को डंडे से पीटा गया है आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए दूसरे दिन बालिकाओं ने मामले की जानकारी अपने ननिहाल में दिया ननिहाल के लोगों के साथ मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं किया है जिस पर बालिकाओं ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

सीबीएसई खो-खो क्लस्टर-5 2024 मे एमवी कान्वेंट स्कूल के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

अखंड भारत संदेश

मनौरी कौशाम्बी। वाराणसी करहुआ स्थित हैप्पी मॉडल स्कूल मे दिनांक 28.09.2024 से 01.10.2024 तक सीबीएसई खो-खो क्लस्टर-5 (2024) प्रतियोगिता के आयोजन मे एमवी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज पूरामुफ़्ती के खिलाड़ियों का दबदबा कायम रहा विभिन्न आयु वर्ग मे कई जनपदों के विद्यालयों के बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमे एमवी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज पूरामुफ़्ती के अंडर-17 बालक वर्ग मे 12 खिलाडियों अभय सिंह, अर्पित, अश्वनी, आशू, युगेंद्र, शाद, धीरज, रोहित, आदर्श, अंशू, देवांश, सत्येंद्र ने प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया बालक वर्ग प्रतियोगिता मे 29 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमे एम०वी० कान्वेंट पुरामुफ़्ती के खिलाडियों ने टीम कप्तान अभय सिंह के नेतृत्व में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विजय ध्वज लहराया। प्रतियोगिता से वापस लौटने पर एम०वी० ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के संस्थापक डॉ वाचस्पति विधायक बारा विधानसभा तथा प्रधानाचार्य अभिषेक चतुर्वेदी व अन्य शिक्षकों ने खिलाडियों तथा टीम कोच सिद्धार्थ शुक्ला को माल्यार्पण कर उन्हे सम्मानित किया विजय के इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक द्वारा रात्रि भोजन का एक विशेष आयोजन कराया गया जिसमे खिलाडियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित कर उन्हे बधाई दी गई और उन्हे सम्मानित किया गया।

सड़क हादसे में घायल विक्षिप्त को अस्पताल लेकर पहुंची रिचा पांडे

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशांबी। अझुवा कस्बे में विक्षिप्त व्यक्ति किसी वाहन की टक्कर से घायल हो गया है जिसे रिचा पांडे ने अस्पताल पहुंचाया है तहसील सिराथू में समाज के लिए आज भी परोपकार करने वालों की कमी नहीं है। यह धारणा अझुवा कस्बे की रिचा पांडे ने सिद्ध करके दिखा दिया है। आज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हुए मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति को अपने हाथों से साफ सफाई करके उन्होंने एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज हो रहा है। नगर पंचायत अझुवा कस्बे के वार्ड नंबर 8 गांधीनगर मुहल्ले में कई महीनो से घूम रहे अज्ञात मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति जीटी रोड पर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसके चेहरे और पैर में गंभीर चोटें आई थीं समाजसेवी रिचा पांडे के घर के सामने विक्षिप्त अस्त-व्यस्त हालत में पड़ा था। बृहस्पतिवार सुबह समाजसेवी रिचा पांडे ने देखा तो उसके इलाज के लिए आसपास के कई क्लिनिकों में फोन करके डॉक्टर बुलाया किंतु मौके पर कोई डॉक्टर नहीं पहुंचा। जिस पर रिचा पांडे ने स्वयं अपने हाथों से उसकी दाढ़ी और बाल बनाकर उसके बाद उसे नए कपड़े पहनाकर एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा ले गई। जहां डॉक्टर ने इलाज कर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है। रिचा पांडे के इस समाज सेवा की भावना की चर्चा इन दिनों कस्बे में खूब हो रही है। गांधीनगर निवासी संजय पांडे ने बताया कि विक्षिप्त कम से कम 6 महीने से घूम रहा है, वहीं नरेंद्र कुमार ने बताया कि मोहल्ले के लोग अक्सर उसे खाने पीने की चीज देते रहते थे किंतु उसकी पहचान अज्ञात है।

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सीनियर सिटीजन को रेलवे में दी जाने वाली छूट को भी भाजपा की सरकार ने छीन ली : अशीष मिश्र पप्पू

कौशाम्बी। कोविड महामारी के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने रेलवे में सीनियर सिटीजन यात्रियों को टिकट में दी जाने वाली छूट को वापस ले ली है जो फिर से शुरू नहीं हो सकी है इससे अब देश के 60 साल से अधिक उम्र के यात्रियों को रेलवे टिकट का पूरा भुगतान करना पड़ रहा है जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में सीनियर सिटीजन पुरुष को रेलवे के टिकट में 40 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन महिला को 50 प्रतिशत किराए में छूट दी जाती थी भाजपा सरकार द्वारा सीनियर सिटीजन से छूट वापस ले जाने के बाद एक बार फिर भाजपा सरकार के कार्यों पर बड़े सवाल खड़े हैं हालांकि सीनियर सिटीजन यात्रियों को टिकट में छूट वापस देने के लिए भाजपा सरकार ने 2022 में फिर से विचार विमर्श शुरू किया लेकिन 2 वर्ष से सीनियर सिटीजन को छूट देने पर विचार विमर्श ही चल रहा है और अभी तक सीनियर सिटीजन यात्रियों को रेलवे टिकट में छूट देने की योजना अभी तक लागू नहीं हो सकी है कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सीनियर सिटीजन को रेलवे में दी जाने वाली छूट को भी भाजपा की सरकार ने छीन ली है जो यात्रियों के बीच बड़ी चर्चा का विषय बन चुका है, कांग्रेस कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी वा लाल बहादुर शास्त्री जी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा भी दिया था राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी अहिंसा के पुजारी थी आज देश उनके इस आदर्श से भटक चुका है हम सब उनके इस आदर्श को आज भी पालन करने के लिए तात्पर्य है इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा महासचिव युगल किशोर त्रिपाठी बरसाती लाल पांडा कौशलेश द्विवेदी शशि प्रताप त्रिपाठी नरेंद्र सिंह नसीमुद्दीन डॉक्टर आरके मिश्रा दुर्गेश प्रजापति विजय यादव, नरेंद्रसिंह राजकुमार यादव भीम पाल सीताराम गुप्ता आदि में कांग्रेस जन मौजूद र

बैठक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्त्ता ने किया माला अर्पित

अ.भा. किसान कांग्रेस ने धूमधाम से मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

अखंड भारत संदेश

कोखराज कौशाम्बी। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के निर्देश पर 2 अक्टूबर को कशिया स्थित गेस्ट हाउस में गांधी और शास्त्री की जयंती पर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर जयंती धूमधाम से मनाई गयी वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी को बापू की उपाधि दी गई और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम गांधी ग्राम स्वराज चौपाल मे जिला किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीत कुशवाहा की अध्यक्षता कार्यक्रम में रखा गया आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर शमीम आलम मुख्य अतिथि डॉ आर सी पांडेय राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर व प्रभारी ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश के किसानों के प्रति पूर्व प्रधानमंत्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था पूर्व प्रधानमंत्री के कार्यकाल के समय देश ने काफी विकास व तरक्की की थी उन्होंने उस वक्त किसानों पर सबसे अधिक बजट बनाया था व दूसरा बजट जवानों का था इसलिए उन्होंने नारा भी जय जवान जय किसान का दिया था राष्ट्र पिता महात्मा गॉधी ने भी समय समय पर अपने को समय के अनुसार परिवर्तन किया उस वक्त गुजरात काफी धनाड्य था वहाँ का परिधान काफी ट्रेडिशनल था गांधीजी भी काफी शौकीन थे बचपन में उन्होंने लंदन से पढाई कर बैरिस्टर की डिग्री हासिल की लेकिन समय के दक्षिण अफ्रीका के एक व्यापारी के ट्रेन में चढते वक्त घटित अग्रेजो द्वारा गांधीजी को धक्का देकर उतार देने से उनको काफी दुःख पहुँचा जिस घटना ने बडा. परिवर्तन हुआ उस समय अग्रेज टाई कोट पहनते थे अग्रेजी का काफी चलन था अंग्रेज देशी परिधान से काफी चिढ़ते थे गांधीजी ने देशी परिधान पहन कर अंग्रेजों को जवाब दिया इस मौके पर जिला अध्यक्ष मानवाधिकार प्रकोष्ठ विष्णु सोनी,अनिल सरोज,एकरार, दिनेश कुमार गौतम, पुरुषोत्तम जायसवाल, महेन्द्र कुमार, अमित कुशवाहा, राकेश जायसवाल, प्रमोद कुमार पाल, अरविंद सिंह, शैलेन्द्र कुमार, राकेश पटेल, मुजफ्फर ,एकरार अहमद, सूरज पाल, विजय कुमार, विनय सरोज, रंजीत कुमार, नकुल यादव, अंगनु सरोज, लवलेश कुमार, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महामाया राजकीय महाविद्यालय में गांधी जयंती समारोह का आयोजन

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी में गांधी जयंती समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र तिवारी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चात गांधी की प्रिय रामधुन रघुपति राघव राजाराम और भजन वैष्णव जन पीर पराई जाने रे का सामूहिक गायन किया गया इसी क्रम में सर्व धर्म सभा के अंतर्गत गीता, कुरान और बाइबिल का पाठ किया गया। डॉ0 पवन कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल ने कहा कि गांधी जी का जीवन संघर्ष हमे नित्य प्रति दिन प्रेरणा प्रदान देता है। डॉ0 अनिल कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर- गणित ने कहा- कि आज का पावन दिन गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करने का दिन है। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र तिवारी ने कहा कि आज गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर भारत की स्वाधीनता और और भारत की राष्ट्रीयता को जेहन में रखने की जरूरत है। महाविद्यालय परिसर पर झंडा फहराया गया राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा श्रम दान किया गया। संचालन डॉ0 अजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी द्वारा किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 रीता दयाल, डॉ0 आनंद कुमार डॉ0 तारित अग्रवाल, डॉ0 रमेश चंद्र, डॉ0 संतोष कुमार एवं डॉ0 शैलेश मालवीय तथा छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से हुई शहजादपुर की मुकुट पूजा

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी सिराथू तहसील के अंतर्गत मुगल काल से चली आ रही शहजादपुर की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ गुरुवार को मुकुट पूजा के साथ शुरू हुआ। मुकुट पूजा गांव के वरिष्ठ नागरिक गंगा प्रसाद शुक्ल द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजा कर प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही शहजादपुर की 12 दिवसीय रामलीला का शुभारंभ हो गया। मुकुट पूजा के अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रवि तिवारी, मंत्री मोहित यादव,महामंत्री प्रभास सोन, ग्राम प्रधान पूनम यादव, रामप्रकाश तिवारी, धर्मेंद्र सोनकर, नेमचंद, राहुल, संदीप सोनकर विष्णु सोनकर नेमचंद रंजीत नंदू सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

प्रसिद्ध है शहजादपुर का लंका दहन व दशहरा : गुलामीपुर कौशाम्बी विजया दशमी के दिन रावण मैदान में लगने वाला विशाल दशहरा मेला क्षेत्र में प्रसिद्ध है।जिसमे क्षेत्र के हजारों लोग एकत्रित होते हैं। मेला क्षेत्र में आई हुई दूकानों से घरेलू सामान से लेकर खाने-पीने की वस्तुएं खरीदते है। वही मेले में आए हुए बच्चे झूले आदि का लुत्फ उठाते है। मेले में विभिन्न प्रकार की आकर्षक चौकियां भी निकाली जाती है। क्षेत्र से आए हुए लोग अन्य त्योहारों में उपयोग होने वाली सामग्री की खरीदारी करते हैं। लंका मैदान पर रावण दरबार मे लगाई गई विशालकाय रावण की प्रतिमा अपने आप मे अदभुत दिखती है। दशहरे के दिन यही पर श्रीराम व रावण की सेना के बीच युद्ध होता है ठीक इसी के एक दिन पूर्व इसी रावण मैदान में आयोजित होने वाला सजीव लंका दहन आकर्षण का केन्द्र रहता है

घर में जिंदा जला देने की धमकी से पिता परेशान

महगाव कौशाम्बी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कयामुद्दीन निवासी कंधाई लाल पुत्र सरजू प्रसाद अपने लड़के बिजेंद्र कुमार से पीड़ित होकर थाना पुलिस के पास पहुंचे हैं कंधाई लाल का कहना है कि उनका बेटा एक बार अपने घर में पहले भी आग लगा चुका है और हिस्सा बंटवारा को लेकर वह वाद विवाद कर रहा है आए दिन गाली गलौज करता है जान से मारने की धमकी देता है पिता कंधाई लाल का कहना है कि उनका बेटा कह रहा है कि घर के अंदर तुमको जिंदा जला देंगे जिससे पिता भयभीत है पिता पुत्र की लड़ाई लंबे समय से चल रही है और कई बार कंधाई लाल ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है लेकिन थाना पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है यदि कंधाई लाल के साथ कोई घटना हुई तो उसकी जवाबदेही किसकी होगी।

ससुराल पहुंचे दामाद को साले ससुर ने लाठियो से पीटा

महगाव कौशांबी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव के रहने वाले नवल सिंह पुत्र राम आसरे की पत्नी घरेलू विवाद के बाद 02 अक्टूबर की शाम को अपने मायके गौसपुर गांव पिता के घर चली गयी पत्नी के मायके चले जाने के बाद नवल सिंह भी गौसपुर स्थित अपनी ससुराल पहुंच गया जहां बातचीत के दौरान नवल सिंह के ससुर साले ने उसे लाठियो से पीट दिया है मामले की शिकायत थाना पुलिस से की गई है।

तीन दिन पहले शिक्षक हुआ लापता

भरवारी कौशांबी कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर निवासी उमेश कुमार पाल पुत्र रामखिलावन लखनऊ में शिक्षण का कार्य करते है वह अपने गांव लौटा था 01 अक्टूबर को वह अपने घर से बाजार गए थे लेकिन वापस नही लौटे कही चले गए है उनका जुड़वा भाई राजेश पाल मेहता कालेज के पास चाय नाश्ते की दुकान चलाता है उमेश के गायब होने से परिवार के लोग परेशान है

मेहता महाविद्यालय में चयन होगी खो खो प्रतियोगिता की टीम

भरवारी कौशांबी प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा विश्वविद्यालय के टीमों के चयन हेतु अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओ हेतु स्पोर्ट कैलेंडर निर्गत करते हुए खो खो प्रतियोगिता संपन्न कराने हेतु 18 अक्टूबर की तिथि निश्चित की गई है उक्त के संबंध में भवन्स मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रबोध श्रीवास्तव ने बताया कि राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज में खो खो प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक महाविद्यालय भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी में शीघ्र संपर्क करे।

तेज रफ्तार डीसीयम की अज्ञात वाहन से टक्कर चालक गम्भीर घायल

कोखराज कौशाम्बी। कोखराज क्षेत्र के करेंटी पेट्रोल पंप के सामने कानपुर की तरफ से प्रयागराज जा रहा डीसीएस अचानक खड़े अज्ञात वाहन से पीछे से जा टकराया जिसमें डीसीएस चालक केशन जयपुर निवासी को गम्भीर चोटें आई हैं जिसको पुलिस ने 108 डायल एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं मौके पर कोखराज पुलिस व 112 डायल मौजूद रही

पत्रकार के पिता का निधन

कौशांबी। प्रयागराज से प्रकाशित एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार पंकज अग्रहरि निवासी मंझनपुर के पिता मक्खन लाल अग्रहरि मुनीम जी का बीमारी के बाद इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई है और तमाम पत्रकारों में उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया है 2 मिनट मौन रह कर मृतक आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की गई है और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया गया है 03 अक्टूबर को विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार परिजनों ने कर दिया है।

जेठ जेठानी ने महिला पर किया प्राणघातक हमला

चार दिन बीते पुलिस ने मुकदमा लिखकर के आरोपियों को नहीं किया गिरफ्तार

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में 30 सितंबर की शाम को गांव मे दिव्या भारती पत्नी बनवारी लाल अपने घर में छोटे-छोटे बच्चों और बूढ़ी सास के साथ में मौजूद थी घर में छत के ऊपर लिंटर पड़ रहा था जिससे लिंटर का कुछ पानी और कीचड़ हवा के झोंके से मकान में मजदूर राजगीरों से काम करते वक्त उसके जेठ चौबे लाल पुत्र श्यामलाल के घर गिर गया मकान निर्माण की सामग्री को साफ करने की बात बार-बार महिला कह रही थी लेकिन उसके बाद भी उसका जेठ चौबेलाल व जेठानी अनुपमा आग बबूला हो गए और दोनों गाली गलौज देने लगे जान से मारने की धमकी देने लगे महिला ने विरोध किया तो उसके जेठ जेठानी दिब्या के घर के भीतर जबरिया घुस आए और महिला को गाली गलौज करते हुए जान से मार डालने की बात कह कर महिला को बाल पकड़ के जमीन पर पटक पटक कर लात घूसों से बेरहमी से मारा पीटा है बचाव में महिला चिल्लाती रही खून सवार जेठ जेठानी ने महिला का सर पकड़ कर दीवाल में पटक पटक कर मारा जिससे सिर फट गया है और गंभीर चोटें आई है आग बबूला जेठ जेठानी ने महिला के घर की गृहस्थी का सामान भी तोड़ तोड़ कर फेंक दिया है चोट अधिक लग जाने से महिला बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और लोगों ने मामले की सूचना डायल पुलिस और एंबुलेंस को दिया है मौके पर एंबुलेंस और डायल पुलिस पहुंची है और इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गई जहां इलाज और दवा के बाद महिला को दूसरे दिन होश आया होश आने के बाद मामले की सूचना महिला ने थाना पुलिस को दी लेकिन थाना पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं किया जिससे हमला करने वाले लोग मौज कर रहे है और पीड़ित को धमका रहे है प्राणघातक हमले में मुकदमा ना दर्ज होने से थाना पुलिस पर सवाल खड़े हो गए है। 2 अक्टूबर के दिन घायल महिला दिब्या भारती की माता रामपति शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँची थी लेकिन गाँधी जयंती की छुट्टी की बात कह कर कार्यालय में मौजूद महिला पुलिस कर्मी ने पीड़ित को दूसरे दिन आने को कह कर वापस कर दिया है मामले की शिकायत ट्विटर एक्स पर पुलिस अधिकारियों से पीड़ित परिवार के लोगो ने की है।

सम्पादकीय

बापू की समाधि तक सबसे शांतिपूर्ण मार्च पर

2 अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर नरेन्द्र मोदी झारखंड के हजारीबाग में 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' की शुरूआत करने जा रहे हैं। झारखंड में जल्द चुनाव होने वाले हैं तो नरेन्द्र मोदी का यहां होना लाजिमी है। इस आदिवासी बहुल राज्य में फिर से भाजपा की सरकार बन जाए, इसके लिए श्री मोदी पूरा जोर लगा रहे हैं। झारखंड में करोड़ों की परियोजनाएं शुरू करके श्री मोदी संभवतः ये दावा फिर से करेंगे कि भाजपा किस कदर आदिवासियों की हितैषी है। उसे जल, जंगल, जमीन के संरक्षण की कितनी चिंता है। लेकिन इसी चिंता के साथ जब लद्दाख से दिल्ली तक करीब 700 किमी की पदयात्रा कर-के लद्दाखी जनता दिल्ली पहुंचती है, तो नरेन्द्र मोदी की सरकार उनकी चिंता को सुनने से पहले ही उन्हें गिरफ्तार करवा देती है। इसी से भाजपा का लोकतंत्र के लिए दुचित्तापन जाहिर हो जाता है।

गौरतलब है कि शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर सोनम वांगचुक करीब डेढ़ सौ लोगों के साथ 1 सितंबर को लद्दाख से पदयात्रा पर निकले थे और तय समय पर गांधी जयंती के पहले दिल्ली पहुंच गए। लेकिन इन तमाम पदयात्रियों को दिल्ली सीमा पर ही रोक दिया गया और इसके बाद गिरफ्तार भी कर लिया गया। सोनम वांगचुक ने इस की जानकारी देते हुए सोमवार को एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'दिल्ली बॉर्डर पर 150 पदयात्रियों के साथ मुझे हिरासत में लिया जा रहा है। इसके लिए 100 पुलिस वाले हैं। कु छ का कहना है कि ये 1000 हैं। पदयात्रियों में 80 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग भी हैं। इसमें महिलाएं भी शामिल हैं। इसके साथ कुछ दर्जन सेना से रिटायर्ड लोग भी हैं। आगे क्या होगा, कुछ पता नहीं है। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में बापू की समाधि तक सबसे शांतिपूर्ण मार्च पर थे।' दरअसल जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 वापस लेने और लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद से लद्दाख के लोगों में भाजपा के फैसले पर नाराजगी देखी जा रही है। यहां के लोग फिर से राज्य का दर्जा वापस चाहते हैं। इसके अलावा लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करना भी एक अहम मांग है, जो स्थानीय आबादी को उनकी भूमि और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए कानून बनाने की शक्ति प्रदान करेगा। लेह और कारगिल जिलों के लिए अलग लोकसभा सीटों की मांग भी लद्दाखी जनता की है।

लद्दाख की जनता ने ऐसा कुछ नहीं मांगा है, जो असंभाव्य है या गैरकानूनी है। लोकतांत्रिक देश में जनता को अपनी मांगे उठाने के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन करने का हक है, साथ ही सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन भी कानून के दायरे में रहकर किया जा सकता है। सोनम वांगचुक और उनके साथी अपने इन्हीं लोकतांत्रिक अधिकारों का ही इस्तेमाल कर रहे थे। लेकिन नरेन्द्र मोदी को लोकतंत्र और जनता को मिले अधिकारों से इतना डर लगता है कि उनके कार्यकाल में बार-बार शांतिपूर्ण आंदोलनों को कुचलने की कोशिश हुई है। शाहीन बाग आंदोलन, किसान आंदोलन, महिला पहलवानों का विरोध ये सब पिछले चार-पांच सालों की ही घटनाएं हैं।

अमृतकाल में भुखमरी

- सर्वमित्रा सुरजन

चेन्नई में बंगाल से गए एक मजदूर की मौत हो गई, क्योंकि उसके पास खाने के लिए एक दाना नहीं था और छह दिनों से वो भूख से तड़प रहा था। अंग्रेजी अखबार द हिंदू की खबर है कि प.बंगाल से 12 किसान मजदूर 3 सौ रूपए रोजी के वादे पर तमिलनाडु लाए गए थे। अच्छे काम और पैसे के झांसे में आकर ये मजदूर जब चेन्नई पहुंचे, तो यहां इन्हें न काम मिला, न पैसे और न लौटने का कोई साधन इनके पास बचा था।

अगर तस्वीरें बोल सकतीं, मूर्तियां हिलने-डुलने में सक्षम होतीं, तो महात्मा गांधी अपने जन्मदिन पर हाथ जोड़कर नरेन्द्र मोदी समेत संघ की मानसिकता में पोषित तमाम नेताओं से विनती करते कि वे बेशक नाथूराम गोडसे की जय जयकार कर लें (जिसने उन पर तीन गोलियां दागीं), लेकिन उनके (गांधी के) आगे दिखावे के लिए हाथ न जोड़ें। क्योंकि गांधी की मूर्ति पर माला चढ़ाने या उन्हें प्रणाम करने का तब तक कोई अर्थ नहीं है, जब तक उनके आदर्शों पर चलने की नीयत न हो। गांधीजी ने ऐसे आजाद भारत की कल्पना की थी, जिसमें आखिरी कतार के आखिरी व्यक्ति की आंख से आंसू पोंछे जाएं। यानी जो समाज में सबसे गरीब, पीड़ित और शोषित लोग हैं, उनकी पीड़ा को दूर करने का काम सरकार करे, तभी आजादी का मतलब है। लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार में गरीबों की पीड़ा बढ़ती ही जा रही है और अब भूख से मौत जैसी भयावह हकीकत समाज देख रहा है।

चेन्नई में बंगाल से गए एक मजदूर की मौत हो गई, क्योंकि उसके पास खाने के लिए एक दाना नहीं था और छह दिनों से वो भूख से तड़प रहा था। अंग्रेजी अखबार द हिंदू की खबर है कि प.बंगाल से 12 किसान मजदूर 3 सौ रूपए रोजी के वादे पर तमिलनाडु लाए गए थे। अच्छे काम और पैसे के झांसे में आकर ये मजदूर जब चेन्नई पहुंचे, तो यहां इन्हें न काम मिला, न पैसे और न लौटने का कोई साधन इनके पास बचा था। रेलवे स्टेशन पर ये मजदूर पिछले एक हफ्ते से बैठे हुए थे और भूख से तड़प रहे थे। जिसमें से एक ने आखिरकार दम तोड़ दिया और एक की हालत अभी नाजुक बताई जा रही है। भुखमरी से इस मौत के बाद प्रशासन हरकत में आया और अब बाकी मजदूरों को बचाया गया है। मृतक की पहचान समर खान के रूप में की गई है।

इस नाम के बाद अब भुखमरी से मौत के इस संगीन मामले को किस हद तक तोड़ा-मरोड़ा जा सकता है, इसकी कोई कल्पना नहीं की जा सकती। क्योंकि भाजपा के दस सालों के शासनकाल में अकल्पनीय चीजें भी सच होने लगी हैं। आंखों की शरम का जो वाक्यांश हुआ करता था, वह अब लगभग गायब है। इसलिए अरबपतियों की शादी में हाथी के लिए बनी खिचड़ी को खाकर पत्रकार धन्य होते हैं। प्राइम टाइम में हिंदू-मुसलमान पर तीखीं झड़पें करवाते हैं। किसी के घर के फ्रिज में रखे मांस के नाम पर उसे मौत के घाट उतार दिया जाता है। सरकारें प्रसाद में बने लड्डू को प्राथमिकता की सूची में सबसे पहले रखती हैं। तिरूपति में बने लड्डू शुद्ध घी के थे या उनमें जानवर की चर्बी मिली थी, इस पर 11 दिन का प्रायश्चित करने की विलासिता सरकार में बैठे लोगों के पास हो सकती है, लेकिन भूख से मरते आदमी के लिए शुद्धता या मिलावट से बड़ा सवाल उस रोटी का है, जो उसके हिस्से की थी, उसे पूरे हक और सम्मान से मिलनी चाहिए थी, लेकिन फिर भी उसे नहीं मिली।

राहुल गांधी ने हरियाणा में विजय संकल्प रैली में एक महत्वपूर्ण बात कही कि सम्मान जरूरी है, लेकिन गरीब की जेब में अगर पैसे नहीं हैं, तो फिर सम्मान का क्या मतलब। राहुल गांधी को सत्ता का मोह नहीं है, वो किसी पद के आकांक्षी नहीं हैं, इसलिए जब वो गरीबों के हितों की बात करते हैं, तो उसमें बनावटीपन नहीं दिखता, सच्चाई नजर आती है।

राहुल गांधी ने ऊंचे मंचों पर चढ़कर अमृतकाल, विकसित भारत, पचास साल बाद के भारत का प्रवचन नहीं किया, बल्कि देश के चारों दिशाओं की यात्रा की है, हजारों किमी पैदल घूमे हैं, लोगों के बिल्कुल बीच में जाकर उनसे बात की है। इसलिए वो जानते हैं कि इस देश के लोगों के दुख-दर्द क्या हैं। इस दर्द का इलाज भी वो बता रहे हैं कि दो-तीन लोगों के हाथों में देश की पूरी संपत्ति देने की जगह इस पर सबकी बराबरी की हिस्सेदारी होनी चाहिए। हिस्सा किस तरह बांटा जाए, इसका समाधान जातिगत जनगणना से हो सकता है, ऐसा उनका विचार है। अगर भाजपा को या किसी और दल को इस सुझाव पर आपत्ति है, तो वह इससे बेहतर कोई उपाय पेश करे। लेकिन केवल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उठाए मुद्दों और दिए गए सुझावों का विरोध करने से तो समस्याएं सुलझेंगी नहीं।

सत्ता के ग्यारहवें साल में भी प्रधानमंत्री देश के गरीब और पिछड़े लोगों का जीवन स्तर ऊंचा करने के लिए वादे ही किए जा रहे हैं। 80 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज मुफ्त देने की योजना को भाजपा अगर अपनी उपलब्धियों में गिनती है, तब भी उससे सवाल किया जा सकता है कि ये पांच किलो अनाज समर खान और उनके साथियों तक क्यों नहीं पहुंचा। अब तक बेरोजगारी, कर्ज, परीक्षा में असफलता जैसे कारणों से होने वाली आत्महत्याएं समाज के लिए चिंता का विषय थीं। इस बीच कई घंटों के काम और नौकरी के कारण होने वाले तनाव से मौत की खबरें आईं। इन सबका उपाय सरकार के पास नहीं है और अब भुखमरी से मौत का मामला सामने आया है।

चूंकि तमिलनाडु और प.बंगाल दोनों जगह भाजपा की सरकार नहीं है, इसलिए भूख से मौत की खबर को दबाने या इसे फर्जी ठहराने की कोशिश अब तक नहीं हुई है। बल्कि प.बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस ने इसके लिए ममता बनर्जी की सरकार पर सवाल भी खड़े कर दिए हैं। इसमें एम के स्टालिन की सरकार को किस तरह घेरा जाएगा, यह भी देखना होगा। लेकिन भाजपा को याद रखना चाहिए कि दूसरे दलों पर उंगली उठेगी तो उस पर भी सवाल खड़े होंगे। जब हर साल 2 करोड़ रोजगार का वादा था, किसानों की आय दोगुनी होने का दावा था, किसान सम्मान निधि के नाम पर जय-जयकार करवाई जा रही है, तब काम की तलाश में प.बंगाल से तमिलनाडु जाने की मजबूरी क्यों हो रही है, इसका जवाब नरेन्द्र मोदी को देना ही चाहिए।

देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार बताने वाले नरेन्द्र मोदी अपने परिजन की भूख से मौत पर विचलित हो रहे हैं या नहीं, ये उन्हें बताना चाहिए। गांधीजी होते तो शायद ऐसी किसी घटना पर प्रायश्चित स्वरूप उपवास पर बैठ जाते। आज भी उनकी आत्मा शायद यह देख कर दुखी हो रही होगी कि उनकी जयंती पर लाखों रुपए खर्च करके भव्य कार्यक्रम हो रहे हैं और जिनके आंसू पोंछने की बात वे करते थे, उनके लिए भुखमरी के हालात हैं।

मुंह में राम, बगल में छुरी की लोकोक्ति आज गांधी के संदर्भ में बिल्कुल खरी उतरती है। नाथूराम गोडसे ने किन लोगों के साथ, किन लोगों की मदद से और किनकी विचारधारा से प्रेरित होकर गांधी जी की हत्या की, यह खुला सच है। आज वही गोडसेवादी अखबारों और टीवी चैनलों में गांधी जयंती पर बड़े-बड़े इश्तिहार दे रहे हैं। मुंह से गांधीजी का नाम ले रहे हैं, और दिल में गोडसे के विचारों को पाल रहे हैं। इतनी चालाकी पर्याप्त नहीं थी, तो दस सालों में गांधी के विराट व्यक्तित्व को स्वच्छता के विचार तक सीमित करने की कोशिश की गई। आज भी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छ भारत दिवस मनाते हुए गांधीजी के स्वच्छता संबंधी विचारों को याद कर रहे थे। भाजपा के कुछ विज्ञापनों में स्वच्छता को सेवा मानने के विचार के जरिए नरेन्द्र मोदी को महात्मा गांधी के समतुल्य दिखाने की चेष्टा की गई।

लेकिन थोड़ी देर के लिए छाए बादल अगर ये गुमान पाल लें कि सूरज को उन्होंने छिपा दिया है, तो वह गुमान सूरज की एक किरण से ही टूट जाता है। गांधीजी के विचारों को अपनी कुचेष्टा के बादल से छिपाने का भाजपा का गुमान भी इसी तरह एक न एक दिन टूटेगा ही।

संरक्षित हों तीर्थस्थल की हिन्दू वंशावलियों की पंजिका

अशोक मधुप

हिंदू परिवारों को इस बारे में बहुत कम या न के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है।

हिंदू तीर्थस्थल धार्मिक मान्यताओं और पूजन अर्चन के लिए विख्यात है। इन सब कार्य को इन स्थलों के ब्राह्मण पंडित कराते हैं। ये ब्राह्मण पंडित पंडा कहे जाते हैं। ये पंडा सदियों से एक कार्य करते और कराते आ रहे हैं। ये पंडा अपने पास आने वाले यजमान (भक्तों) के परिवार का इतिहास अपनी बहियों में संजोते जा रहें हैं। ये काम सदियों से अनवरत रूप से जारी है। ये हिन्दू वंशावलियों की पंजिकाएं ऐतिहासिक धरोहर हैं। आज इनके संरक्षण की आवश्यक्ता है। इनके संजोकर रखने की जरूरत है।

हिंदू परिवारों को इस बारे में बहुत कम या न के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है। अधिकतर भारतीयों व वे परिवार जो विदेश में बस गए उनको आज भी पता नहीं कि इन तीर्थस्थल की पंडो की बहियों में उनके परिवार की वंशावली दर्ज है। हिन्दू परिवारों की पिछली कई पीढ़ियों की विस्तृत वंशावलियां इन पंडा के पास संग्रहित हैं। ये पंडा आने वाले यजमान से उसके परिवार की जानकारी नोट करने के बाद उसके हस्ताक्षर कराकर बही में अपने पास रखते हैं। ये पंडा ये बहियां अपनी आने वाली अपनी पीढ़ी को सौंपते जाते हैं। ये बहियां जिलों व गांवों के आधार पर वगीर्कृत की गयीं हैं। प्रत्येक जिले की पंजिका का विशिष्ट पंडित होता है। यहाँ तक कि भारत के विभाजन के उपरांत जो जिले व गाँव पाकिस्तान में रह गए व हिन्दू भारत आ गए उनकी भी वंशावलियां यहाँ हैं। कई स्थितियों में उन हिन्दुओं के वंशज अब सिख हैं, तो कई के मुस्लिम अपितु ईसाई भी हैं। किसी-किसी की सात वंश या उससे भी ज्यादा की जानकारी पंडों के पास रखी इन वंशावली पंजिकाओं से होना साधारण सी बात है।

इसे भी पढ़ेंः तिरुपति लड्डू विवाद के बीच पवन कल्याण क्यों कर रहे 'सनातन धर्म रक्षण बोर्ड' बनाने की मांग, पूरा समझिए

शताब्दियों पूर्व से हिन्दू पूर्वजों ने हरिद्वार या किसी पावन नगरी की यात्रा की/ तीर्थयात्रा के लिए या/ शव-दाह या स्वजनों के अस्थि व राख का गंगा जल में किया होगा तो वे संबद्ध पंडा के पास गए होंगे। ये पंडा इन आने वालों के रहने खाने तक की व्यवस्था करते हैं। इन पंडाओं ने अपनी पंजिका में वंश-वृक्ष

को संयुक्त परिवारों में हुए सभी विवाहों, जन्म व मृत्युओं के विवरण दर्ज किया हुआ हैं। वर्तमान में धार्मिक स्थल पर जाने वाले भारतीय हक्के-बक्के रह जाते हैं जब वहां के पंडित उनसे उनके अपने वंश-वृक्ष को नवीनीकृत कराने को कहते हैं।

आजकल जब संयुक्त हिदू परिवार का चलन खत्म हो गया है। लोग एकल परिवारों को तरजीह दे रहे हैं, ये पंडित चाहते हैं कि आगंतुक अपने फैले परिवारों के लोगों व अपने पुराने जिलों- गाँवों, दादा- दादी के नाम व परदादा-परदादी और विवाहों, जन्मों और मृत्यु, परिवारों में हुए विवाह आदि की पूरी जानकारी के साथ वहां आएं। आगंतुक परिवार के सदस्य को सभी जानकारी नवीनीकृत करने के उपरांत वंशावली पंजीका को भविष्य के पारिवारिक सदस्यों के लिए व प्रविष्टियों को प्रमाणित करने के लिए हस्ताक्षरित करना होता है। साथ आये मित्रों व अन्य पारिवारिक सदस्यों से भी साक्षी के तौर पर हस्ताक्षर करने की विनती की जा सकती है।

इन तीर्थ स्थल के पुरोहितों के पास देश और दुनिया भर के यजमानों का दशकों पुराना लिखित रिकॉर्ड वंशावली के रूप में मौजूद है। किसी यजमान के आने पर चंद मिनटों में ही संबंधित पुरोहित कंप्यूटर से भी तेज गति से वंशावली देखकर उनके पूर्वजों की जानकारी दे देते हैं। पितृ पक्ष के दौरान इन तीर्थ स्थल पर आने वाले लोग अपने तीर्थ पुरोहितों के पास आकर वंशावली में अपने वंश के बारे में जरूर जानते हैं। ये पडे जनपद के हिसाब से हैं। तीर्थ स्थल में पहने वालों को पता है कि किस जनपद के पंडा कौन हैं। किसी दूसरे के यजमान को कोई अन्य पंडा खुद क्रिया-कर्म नहीं कराता। संबधित जिले के पंडा के पास उसे भेज देता है।

शताब्दियों से हो रहा ये लेखन भोज पत्रों और ताम्र पत्रों के बाद अब कागज की बहियों पर शुरू किया गया। तीर्थ पुरोहितों के पास सैकड़ों वर्ष पुरानी बहियां आज भी सुरक्षित हैं। तीर्थ पुरोहितों की बहियों में देश भर के राजाओं, महाराजाओं, साधु, संतों, राजनेताओं एवं आम लोगों के परिवारों के वंश लेखन बहियों में मौजूद हैं। अकेले हरिद्वार में 30 हजार से अधिक की संख्या में वंशावली की बहियां सुरक्षित और संरक्षित हैं। इन बहियों में लेखन करने के लिए अलग स्याही तैयार करके तीर्थ पुरोहित वही लेखन करते हैं, जो काफी वर्षों तक सुरक्षित रहती है। इन वंशावलियों में जातियों, गोत्रों, उपगोत्रों का भी जिक्र रहता है। सबसे अहम बात इन बहियों में देखने को मिलती हैं कि तीर्थ पुरोहितों ने लेखन को भेदभाव से दूर रखा है। जहां राजाओं, महाराजाओं की वंशावलियां जिस क्रम में अंकित हैं, उसी क्रम में तीर्थ नगरी में पहुंचने वाले अन्य श्रद्धालुओं की हैं। विभिन्न राजवंशों की मुद्रांए, हस्त लेखन, दान पत्र, अंगूठे और पंजों के निशान बहियों में मौजूद हैं। यहां की वंशावलियों में देश की कई रियासतों के राजाओं के आने के उल्लेख दर्ज हैं।

अक्तूबर 2007 में हमें इंडियन वर्किंग जर्नलिस्ट की एक कांफ्रेंस में बद्रीनाथ जाने का अवसर मिला। मेरे साथ गए मेरे दोस्त नरेंद्र मारवाड़ी भी थे। हम मारवाड़ी के साथ बद्रीनाथ में, अजमेर के महावर वालों की धर्मशाला में चले गए। ये मारवाड़ी के परिवारवालों की धर्मशाला हैं। वहां पंडित जी से बात की। वंशानुक्रम के बारे में बताया। बात करते-करते पंडित जी ने अपनी बही खोलकर उनके गोत्र का विवरण खोला तो पता चला कि मारवाड़ी के पिता जी 41 वर्ष पूर्व यहां यात्रा को आए थे। यात्रा को आने के बाद हुए उनके दो बच्चों का विवरण दर्ज नहीं थे। पंडित जी ने बही देखकर बताया कि 93 साल पूर्व उनके दादा जी बद्रीनाथ आए थे। दोनों के आने की तिथि तक वही में दर्ज थी। उनके हस्ताक्षर भी बही में मौजूद थे। मित्र को अपने बाबा का नाम ज्ञात था। यहां बही से उन्होंने अपने बाबा के पिता उनके भाई, बाबा के दादा और उनके भाइयों आदि का विवरण नोट किया।

पंडित जी ने अपनी वही में मित्र से अपने और उनके बच्चे, भाई और भाइयों के बच्चों की जानकारी नोट की। नीचे तारीख, माह, सन डालकर हस्ताक्षर कराए।

सदियों से चले आ रहा इतिहास को संजोकर रखना एक दुरूह कार्य है। इस कार्य को ये पंडे सुगमता से पीढ़ियों से करते चले आ रहे हैं। आज इस इतिहास को संजोने और संरक्षण की जरूरत है। अच्छा रहे कि इनका कंप्यूटरीकरण हो जाए। बहियों को लैमिनेट करके भी संरक्षित किया जा सकता है। कैसे भी हो, ये होना चाहिए, नहीं तो समय के साथ ये गलता और खराब होता चला जाएगा।। ये काम इनके व्यक्तिगत स्तर से संभव नहीं। सरकार को अपने स्तर से कराना होगा, तभी ये संभव हो पाएगा।

कौशल विकास पर ध्यान देकर उसे स्वरोजगार की दिशा दी जाए

- अजीत अवस्थी

बापू के शिक्षा महाअख्यान की चाहना यही थी कि बच्चे को अक्षर ज्ञान के साथ उसके कौशल विकास पर ध्यान देकर उसे स्वरोजगार की दिशा दी जाए। साथ ही बच्चों में कल्पनाशीलता, जिज्ञासा, तर्कशीलता पूरी तरह से विकसित हो ताकि वह ईमानदारी और बेईमानी में फर्क समझे। बच्चों में यह समझ भी विकसित हो कि सही क्या है

वर्ष 1937 में जब वर्धा में 'नई तालीम' पर डॉ जाकिर हुसैन समिति काम कर रही थी तो के टी शाह जैसे अत्यंत ही विद्वान शिक्षक और शिक्षाविद से गांधी जी ने पूछा - 'के टी, आप कैसी शिक्षा बना रहे हैं अपने बच्चों के लिए'? केटी ने जवाब दिया बापू आप ही बताइए ना- कैसी शिक्षा होनी चाहिए? इस पर गांधी जी ने उत्तर दिया - मान लो,मैं किसी एक कक्षा में जाता हूं और वहां एक सवाल पूछता हूं कि अगर मैंने एक सेब चार आने में खरीदा और उसे एक रुपए में बेच दिया तो मुझे क्या मिलेगा? अगर इस सवाल के जवाब में सारी कक्षा के बच्चे यह कह उठे कि 'आपको इस बेईमानी पर दो साल की सजा मिलेगी' तो मैं मान लूंगा कि हम शिक्षा का ईमान निभा रहे हैं। किसी चीज में जरूरत से ज्यादा मुनाफा कमाना देश के साथ बेईमानी है इसलिए हमें प्रयास यह करना चाहिए कि शिक्षा से ऐसे संस्कार और मूल्य दिए जाएं जिससे बच्चों में ईमानदारी का गुण विकसित हो।

गांधी जी का शिक्षा दर्शन बेहद व्यापक और जीवनोपयोगी है। वे मानते थे कि शिक्षा मनुष्य में निहित सर्वश्रेष्ठ को बाहर लाने की क्षमता है। उन्होंने शिक्षा के मुख्य सिद्धातों, उद्देश्यों तथा शिक्षा की योजना को मूर्त रूप देने का प्रयत्न किया।

गांधी जी शिक्षा के विकास का उद्देश्य बुद्धि विकास तक सीमित नहीं मानते थे, उनकी दृष्टि में शरीर के साथ-साथ आत्मा का विकास भी शिक्षण का अंग होगा चाहिए। 31 जुलाई 1937 के 'हरिजन' में उन्होंने लिखा-'शिक्षा से मेरा अभिप्राय यह है कि बालक की, प्रौढ़ के शरीर, मन तथा आत्मा को उत्तम क्षमताओं को उद्धरित किया जाए और बाहर प्रकाश में लाया



जाए। अक्षर-ज्ञान न तो शिक्षा का अंतिम लक्ष्य है और ना उसका आरंभ। यह तो मनुष्य की शिक्षा के कई साधनों में से केवल एक साधन है। अक्षर-ज्ञान पाना अपने आप में शिक्षा नहीं है। इसलिए मैं बच्चों की शिक्षा का श्रीगणेश उसे कोई उपयोगी दस्तकारी सिखाकर और जिस क्षण से वह अपनी शिक्षा का आरंभ करे, उसी क्षण से उसे उत्पादन के योग्य मानकर करूंगा। मेरा मानना है कि इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली में मस्तिष्क और आत्मा का उच्चतम विकास संभव है।'

गांधी जी की अध्यक्षता में वर्ष 1937 वर्धा में 'अखिल भारतीय शैक्षिक सम्मेलनज आयोजित हुआ था। इस सम्मेलन में विनोबा भावे, काका कालेलकर तथा जाकिर हुसैन भी सम्मलित हुए थे। सम्मेलन के बाद एक प्रस्ताव पास किया गया। इस प्रस्ताव में मोटे तौर पर तीन बिंदुओं पर जोर दिया गया-बच्चों की 7 वर्ष तक राष्ट्रव्यापी निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा, शिक्षा का माध्यम मातृभाषा और सबसे महत्वपूर्ण बात थी कि इस दौरान दी जाने वाली शिक्षा हस्तशिल्प या उत्पादक कार्य पर केंदित हो। इसके अलावा पर्यावरण हस्तकला, अंक गणित, समाज शास्त्र, भूगोल-इतिहास की शिक्षा की व्यवस्था भी हो। गांधी जी इन विषयों के साथ ही प्राथमिक स्तर पर बच्चों को संगीत-कला और व्यायाम की शिक्षा को भी अनिवार्य समझते थे। शिक्षा के संदर्भ में गांधीजी ने कहा-'शिक्षा की मौजूदा व्यवस्था न सिर्फ फिजूलखर्ची वाली है, बल्कि सचमुच ही नुकसानदायक भी है। लड़के अपने अभिभावकों से, अपने गांवों से, अपने पारंपरिक कौशलों से बिछुड़ जाते हैं। वे बेचारगी में छोटे-मोटे बाबूगीरी वाले कामों पर निर्भर हो जाते हैं और तो और बुरी आदतें व शहरी नकचढ़ापन अपना लेते हैं तथा गांव में किए जाने वाले सारे शारीरिक श्रम को, जिन पर हम सभी निर्भर हैं, जरिया समझने लगते हैं।'

गांधीजी अपने काल में शिक्षा को जिस नजरिये से देखकर उस पर विचार सेतु बना रहे थे,सौ बरस बाद के भारत की बदली हुई सामाजिक,भौगोलिक,आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों के बीच क्या उस नजरिए का सेतु ज्यों का त्यों खड़ा रह सकता है? बापू ने शिक्षा में श्रम की प्रतिष्ठा पर जोर दिया। उस समय देश की सामाजिक परिस्थितियां ऐसी शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रही थी। इसी तासीर को समझ कर उन्होंने सुझाव दिए कि प्राइमरी शिक्षा में ट्रेडिशनल श्रम आधारित कामों को सिखाया जाना चाहिए। जैसे कुम्हार के पैतृक व्यवसाय वाले बच्चों को मिट्टी के बर्तन, खिलौनो आदि के निर्माण को सिखाना, बढ़ई के पैतृक व्यवसाय वाले बच्चों को कारपेंटर के काम को सिखाना, कृषि आधारित व्यवसाय वाले बच्चों को कृषि, बागवानी आदि को सिखाना। ताकि बच्चे शिक्षा प्राप्त करने के बाद श्रम करने से जी न चुराएं और मानव श्रम आधारित अपने पैतृक व्यवसाय को आगे ले जाएं। आज के परिदृश्य में देश की तासीर वैसी नहीं रही है। परंपरागत पैतृक व्यवसाय श्रम आधारित नही रह गए है।अब संसाधनों की उपलब्धता है और मशीनरी का युग है। तब श्रम आधारित शिक्षा पर ही जोर देना कितना उचित होगा? इसे दूसरे तरह से सोचने पर यह जरूर लगता है ।

19.95 लाख से बनी महर्षि बाल्मीकि की मूर्ति में आई दरारें

निर्माण एजेंसी पर जांच के आदेश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। लालापुर गांव स्थित महर्षि बाल्मीकि आश्रम की 12.5 फीट ऊंची महर्षि बाल्मीकि की मूर्ति में दरार आ गई है। 19.95 लाख रुपये की लागत से बनी इस मूर्ति का निर्माण कराया गया है। डीएम के शासन को पत्र लिखने पर राज्य ललित कला अकादमी के निदेशक ने निर्माण एजेंसी को फटकार लगाई है। निर्देश दिये कि जल्द मूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। नुकसान की वसूली भी की जाएगी।

महर्षि बाल्मीकि मूर्ति।

ज्ञात है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्ष 2020 में बाल्मीकि जयंती पर जिले के लालापुर स्थित आश्रम आए थे। यहां हवन-पूजन के साथ पर्यटन विकास के कार्यों की आधारशिला रखी थी। तब से आश्रम में काम चल रहा है। पहले चरण में सुंदरीकरण के कार्य हुए थे। दूसरे चरण में अक्टूबर 2023 में महर्षि बाल्मीकि की मूर्ति निर्माण के साथ गेट आदि के काम हुए। यहां करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन सुविधा केंद्र और सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण हो रहा है। झांसी-मिर्जापुर हाईवे किनारे स्थित आश्रम में 12 फीट ऊंची महर्षि बाल्मीकि की मूर्ति लगाई गई है। इसका निर्माण ललित कला अकादमी लखनऊ ने मप्र इंदौर के मेसर्स प्रस्तुति शिल्पकार महेंद्र कोटवानी से कराया है। चार मार्च 2024 को वर्चुअल रूप से मूर्ति का अनावरण किया गया था। आश्रम के महंत भरतदास ने बताया कि मूर्ति के पीछे दो तीन जगह दरारें आ गई हैं। इसे लेकर सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज यादव ने कहा कि धार्मिक स्थलों के निर्माण में भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं किया जाएगा। मामले की पूरी जांच होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो सके। डीएम ने जिला पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव से मामले की रिपोर्ट तलब की है। अकादमी की निदेशक डॉ श्रद्धा शुक्ला ने मूर्ति की गुणवत्ता की जांच को भूतत्व खनिकर्म निदेशालय को निर्देश दिए हैं। धातु मिश्रण की जांच जल्द पूरी होगी। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

बच्चों को लेखन सामग्री बांट शिक्षा के प्रति किया जागरूक

बच्चों को लेखन सामग्री बांटते शानू गुप्ता।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर समाजसेवी शानू गुप्ता ने सेवा बस्ती में बच्चों को लेखन सामग्री बांटकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया।

गुरुवार को भैरोपागा के बच्चों को समाजसेवी/ राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने गांधी व शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया। नन्हे-मुन्ने अति पिछड़े क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों को लेखन सामग्री कॉपी, किताब, पेंसिल, रबर, पटरी, कटर, बिस्कुट आदि बांटकर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि गांधी जी ने तमाम क्रांतिकारियों के साथ संघर्ष कर हम सबको एक आजाद भारत का नागरिक बनाया। ऐसे महापुरुष को हम सब नमन करते हैं। राष्ट्र के नायक के व्यक्तित्व व कृतित्व तथा उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए युवा पीढ़ी आगे आये। शिक्षित बन अपने महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलकर देश-राष्ट्र-भारत के प्रति सभी को समर्पित रहना चाहिए। इस मौके पर व्यापारी नेता शेशू जायसवाल, सुनील कुमार निषाद, रामसनेही समेत बच्चे व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

एक मरीज-एक रिश्तेदार: टोकन के बिना नहीं मिलेगी इंट्री

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों व तीमारदारों की भीड़ को नियंत्रित करने को नया आदेश जारी किया है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य के निर्देश पर अब अस्पताल में भर्ती मरीजों से सिर्फ एक रिश्तेदार को मिलने की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए टोकन सिस्टम लागू किया जाएगा। इस टोकन के बिना किसी भी रिश्तेदार या तीमारदार को अस्पताल में प्रवेश नहीं मिलेगा। गुरुवार को सीएमएस डॉ वंदना श्रीवास्तव ने बताया कि इस व्यवस्था से मरीजों व अस्पताल प्रशासन दोनों को राहत मिलेगी। अस्पताल में भीड़ व अव्यवस्था को रोकने को ये कदम उठाया गया है। इससे चिकित्सीय सेवाओं में सुधार होगा। स्वास्थ्य विभाग के इस नए आदेश के बाद ये देखना महत्वपूर्ण होगा कि इसका असर अस्पताल में सक्रिय दलालों पर कितना पड़ता है।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शांति देवी इंटर कॉलेज ने मारी बाजी

अखंड भारत संदेश

पहाड़ी/चित्रकूट। आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय के तत्वाधान में विश्व अहिंसा दिवस पर प्रत्येक वर्ष होने वाली जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में शान्ती देवी पब्लिक स्कूल व शान्ती देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी के छात्र-छात्राओं का इस वर्ष भी दबदबा रहा। प्रतियोगिता में जिले के 16 उच्च स्तरीय विद्यालयों के दो हजार छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी प्रतियोगिताओं में 88 छात्र-छात्रायें विजेता रहे। विजेता 88 छात्र-छात्राओं में 53 छात्र शांति देवी इंटर कॉलेज व शांति देवी पब्लिक स्कूल से रहे। दो अक्टूबर को चित्रकूट इंटर कॉलेज के सभागार में जन समुदाय व निर्णायक मंडल की मौजूदगी में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शांति देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी की जूनियर व सीनियर दोनों वर्गों के पांच-पांच छात्र-छात्राओं की टीम ने सबसे अधिक प्रश्नों के सही उत्तर देकर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। जिले में निबंध प्रतियोगिता में गोविंद सिंह कुशवाहा कक्षा चार ने प्रथम, अतुल साहू कक्षा पांच ने द्वितीय, अंश यादव कक्षा पांच ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में जूनियर संवर्ग में शिवांशी देवी कक्षा आठ, खुशी मिश्रा कक्षा आठ, नीलम कक्षा सात ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में निबंध प्रतियोगिता में प्राची त्रिपाठी कक्षा 12, शिवानी देवी कक्षा 11, राधा देवी कक्षा 11 प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में खुशी मिश्रा कक्षा 8 ने प्रथम, जान्हवी मिश्रा कक्षा 7 ने द्वितीय, सीनियर वर्ग में प्रीति देवी कक्षा 9 में प्रथम व साहिल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं को गणमान्य नागरिकों व अभिभावकों के समक्ष जिले के उच्चाधिकारियों ने शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक स्थान प्राप्त कर छात्र-छात्राओं ने विद्यालय व परिवार का गौरव बढ़ाया।

छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षक।

:सड़क सुरक्षा पखवाड़ा:

वाहनों की हुई सघन जांच

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दो से 16 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। गुरुवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं यात्री कर माल कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी ने प्रवर्तन कार्यवाही दौरान सभी व्यावसायिक वाहनों, ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप/बैक लाइट/फांग लाइट के मानक अनुरूप लगे होने व क्रियाशीलता बाबत जांच अभियान चलाया। वाहन चालकों/परिचालकों को जानकारी दी। आम जनता को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

42 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी व दरोगायूटी कुंवर प्रखर, सिपाही विवेक कुमार ने रामकरन पुत्र राकेश कपाड़िया मोहल्ला शिवरामपुर को 42 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

मां दुर्गा मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

मंदिर की अनोखी विशेषता नौ देवियों का होता है दर्शन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नवरात्रि के पावन पर्व पर काली देवी चैराहा स्थित मां दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ये मंदिर अपनी अनोखी विशेषता के लिए प्रसिद्ध है। यहां एक ही छत के नीचे नौ देवियों के दर्शन का सौभाग्य मिलता है।

गुरुवार को नवरात्रि के पहले दिन से लेकर नवमी तक भक्तों की भारी भीड़ यहां उमड़ेगी। जो माता रानी के शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धि दात्री के रूपों की पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच रही है। मंदिर का निर्माण मराठा काल में हुआ था। यह अपनी प्राचीन धरोहर के लिए जाना जाता है। दूर-दूर से आए भक्तों का कहना है कि जो भी सच्चे मन से यहां मां की पूजा करता है। उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। ज्ञान चंद्र परिवार के साथ मंदिर पहुंचे। बताया कि यहां नवरात्रि के दिनों में माता रानी की आराधना करने का विशेष महत्व है। हर सुबह से ही भक्तजन मां को जल अर्पित कर आरती में सम्मिलित होते हैं।

मन्दिर में पूजा करते श्रद्धालु।

मंदिर के पुजारी ने बताया कि नवरात्रि के इन नौ दिनों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। माता के भक्तों के लिए यह दिन अत्यंत शुभ होते हैं। उन्होंने कहा, इस मंदिर में मां के नौ स्वरूपों के दर्शन एक साथ मिलते हैं, जो भक्तों के लिए एक अनोखा अनुभव है। यहां आकर जो भी श्रद्धालु मां की आराधना करता है। उसकी हर इच्छा पूरी होती है। नवरात्रि के पहले दिन भक्त अपने घरों में कलश की स्थापना कर नौ दिनों तक चलने वाले अनुष्ठान की शुरुआत करते हैं। भक्तगण अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि को यहां मां से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

फसल की निराई करते समय सर्पदंश से अधेड़ की मौत

मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। मऊ थाना क्षेत्र के बरवार गांव में खेत में निराई करते समय 52 वर्षीय समयलाल की सर्पदंश से मौत हो गई। इसके बाद वहां मौजूद दो बच्चों ने घर पर सूचना दी।

परिजन गंभीर हालत में समयलाल को मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटना की सूचना मिलने के बाद उन्होंने शव को पोस्टमॉर्टम को जिला मुख्यालय भेजा। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से गांव में सर्पदंश को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने सर्पदंश से बचाव के उपायों की मांग की है। सर्पदंश जैसी घटनाओं से बचाव को जागरूकता व उचित कदम उठाए जाने की जरूरत है। जैसे खेतों में काम करने के दौरान सावधानी बरतना और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के उपाय करना।

पैर फिसलने से नदी में डूबी वृद्ध महिला, मौत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र में बागिन नदी में एक वृद्ध महिला का शव मिला। जिसकी पहचान गुज्जी बाई के रूप में हुई। गुज्जी बाई घर में खाना खाने के बाद नदी किनारे गई थी। जहां उनका पैर फिसल गया। इससे वह नदी में गिर गईं। गुरुवार को परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की। कोई पता नहीं चल सका। स्थानीय लोगों ने नदी में पुल के नीचे शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की।

मोदी-योगी सरकार किसान-मजदूर विरोधी है: मुकुट सिंह

सीपीआईएम जिला सम्मेलन संपन्न

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मंहगाई-बेरोजगारी, एक राष्ट्र एक चुनाव, निजीकरण, महिलाओं-बच्चियों के साथ हो रहे अपराधों व यौन शोषण को रोकने में नाकाम, अन्यायपूर्ण भूमि अधिग्रहण को रोकने, अन्नाप्रथा से फसल बचाव आदि मुद्दों पर अभियान चलाकर सरकार से मांग की जायेगी। गांधी जयंती पर अहिंसात्मक मार्ग अपनाकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

गुरुवार को सीपीआईएम जिला सम्मेलन में राज्यमंत्री परिषद सदस्य का मुकुट सिंह ने कहा कि मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार किसान-मजदूर विरोधी है। सरकार की सभी योजनायें भ्रष्टाचार व सिर चढकर बोल रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमत में बीस फीसदी की गिरावट है। जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियां कारपोरेट परस्त है। जनता का ध्यान भटकाने को सांमप्रदायिक राजनीति की जा रही है। का सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के पूर्व का केशव तिवारी ने झंडारोहण कर यज्ञवेदी में पुष्पगुच्छ अर्पित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष का राजाराम, का सुधीर सिंह, का पूनम ने किया। मंडल अध्यक्ष की अनुमति से मंडल सचिव का रुद्रप्रसाद मिश्र, का ओमप्रकाश सिंह, का चुनकूराम पाल, का सुधीर सिंह चुने गये। का ओमप्रकाश सिंह को जिला सचिव चुना गया। का राजाराम ने सभी प्रतिनिधियों का आभार जताते हुए सम्मेलन के समापन की घोषणा की।

सम्मेलन में मौजूद कामरेड।

अपराध रोकथाम बाबत महिलाओं को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

राजापुर/चित्रकूट। राजापुर थाने में मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत एसडीएम प्रमोद कुमार झा व सीओ निष्ठा उपाध्याय की मौजूदगी में थाना क्षेत्र की महिलाओं के साथ बैठक की गई। बैठक में अपराध रोकथाम की कानूनी जानकारी दी गई।

गुरुवार को सीओ निष्ठा उपाध्याय ने बताया कि महिलाओं की सहायता को हेल्पलाइन 1090, 181, 112, 1098 आदि बाबत जागरुक किया। महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर सूचना देने को प्रेरित किया। महिला हेल्प डेस्क पर नारी प्रताड़ना को रोकने को शिक्षित होना बताया। शिक्षित महिलायें मौलिक अधिकारों से समाज में हो रहे अपराधों को प्रभावी ढंग से रोक सकती हैं। समाज को दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल अपराध, साइबर क्राइम व नशाखोरी जैसे अपराधों को रोका जा सकता है। नारी स्वालंबन तभी हो सकता है, जब गृहणी अपने घरों में कुटीर उद्योग लगाकर आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकेंगी।एसडीएम प्रमोद कुमार झां ने कहा कि महिला हेल्प लाइनों को प्रदेश में लागू किया है। 1090 वीमेन पावर लाइन को डायल कर किसी भी आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा पा सकते हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने मौजूद महिलाओं, बालिकाओं से कहा कि चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो। इससे अपराधियों के हौसले पस्त हों। गोष्ठी में महिलाओं व बालिकाओं को पैम्पलेट देकर जागरूक किया गया। पीड़ित महिला किसी भी समय थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। गोष्ठी में महिला सिपाही दीक्षा यादव, पूजा यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री वर्षा देवी, नीतू सोनकर, ऊषा जायसवाल, स्नेहलता, राजरानी आदि मौजूद रही।

महिला शक्ति अभियान में मौजूद पुलिस बल।

बाइक ने युवक को मारी ठोकर, बाइक चालक की मौत, युवक घायल

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। सरैया गांव के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क किनारे चल रहे एक युवक को ठोकर मार दी। बाइक सवार खुद भी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर पहुंचाया। घटना में बाइक सवार पिंटू कौबरा की मौके पर ही मौत हो गई। पैदल जा रहे सोनू द्विवेदी पथेरिया को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया गया कि पिंटू राजकोट से ट्रेन से मानिकपुर आया था। अपने भाई को लेने जा रहा था। सरैया के पास पहुंचने पर उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। उसने सोनू को टक्कर मार दी। हादसे में पिंटू की जान चली गई, जबकि सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया।

मानिकपुर कोतवाल दुर्ग विजय सिंह ने कहा कि घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि पिंटू अपने भाई को मानिकपुर स्टेशन से लेने आ रहा था। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को जिला मुख्यालय भेजा है।

कामतानाथ में पूजन बाद आदिवासी महिलाओं से करेंगे संवाद

दो दिवसीय दौरे पर आये प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी जिले के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। पार्टी के सदस्यता अभियान को मजबूती देने को गुरुवार देर शाम चित्रकूट आये। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम बाद शुक्रवार सवेरे कामतानाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे।आज प्रदेश अध्यक्ष भाजपा कार्यालय के लिए भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित गोष्ठी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस दौरान आदिवासी महिलाओं से संवाद करेंगे और उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाएंगे। भूपेंद्र चैधरी धारकुंडी आश्रम में साधु-संतों से भी मुलाकात करेंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को मजूबत करने की दिशा में जोर देंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

एसपी ने छात्राओं को जागरुक कर सुरक्षा बाबत की वार्ता

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मिशन शक्ति अभियान-5 के शुभारम्भ पर पुलिस अधीक्षक ने राजकीय बालिका इंटर कालेज में छात्राओं को पुलिस की पाठशाला लगाकर नारी सुरक्षा, नारी स्वावलम्बन व नारी सम्मान को विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया।

गुरुवार को उप्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना मिशन शक्ति अभियान-5 के शुभारम्भ पर शारदीय नवरात्रि पर्व के पहले दिन पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अगुवाई में सीओ सिटी राजकमल की मौजूदगी में राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी में पुलिस की पाठशाला लगाकर नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन व नारी सम्मान को विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को आत्मसुरक्षा को जागरुक कर उनकी सुरक्षा बाबत वार्ता की। कहा कि सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदो, महिलाओं बाबत अपराध में सजा के बारे में जागरुक करना, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो व साइबर क्राइम तथा महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर जागरूक किया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तीन माह की अवधि दौरान 10-10 दिवस के नौ विशेष अभियान ऑपरेशन गरूड़, शील्ड, डिस्ट्राय, बचपन, खोज, मजनू, नशा मुक्ति, रक्षा, ईगल संचालित किये जायेंगे। इस मौके पर कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, महिला थानाध्यक्ष सविता सरोज, महिला दरोगा आकांक्षा, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

छात्रों को जागरूक करते एसपी।

बांग्लादेश सरकार ने भारतीय उच्चायुक्त समेत पांच राजनयिकों को वापस बुलाया

बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने एक बड़े कूटनीतिक फेरबदल के तहत पड़ोसी देश भारत के उच्चायुक्त समेत पांच राजदूतों को वापस बुला लिया है.

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने अपने पांच राजदूतों को वापस ढाका बुला लिया है. जिन देशों से राजदूतों को वापस बुलाया गया है उनमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, पुर्तगाल और संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि शामिल हैं. नाम न बताने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने इन राजदूतों को तुरंत राजधानी ढाका लौटने का आदेश दिया है.

विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने ज्यादा जानकारी दिए बिना कहा कि उन्हें तुरंत अपनी जिम्मेदारियां सौंपकर लौटने को कहा गया है. यह कदम ब्रिटेन में राजदूत सईदा मुना तस्नीम को वापस बुलाने के बाद उठाया

गया है. उन्हें भी इसी तरह लौटने को कहा गया था. हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले छात्र-नेतृत्व वाले आंदोलन के दौरान 700 से अधिक लोग मारे गए थे, इससे भारत के साथ संबंध भी खराब हो गए थे. बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों ने राजनीतिक परिवर्तन के बाद हिंदुओं पर हमले का आरोप लगाया था. बांग्लादेश सरकार का कहना है कि हिंसा राजनीति से प्रेरित थी, धर्म से नहीं. हसीना के देश छोड़ने के बाद हुए हमलों में कुछ बांग्लादेशी हिंदुओं और मंदिरों को निशाना बनाया गया था, जिसकी निंदा छात्र नेताओं और अंतरिम सरकार ने की थी. भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वहां हिंदुओं पर हुए हमले का जिक्र स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किया था. मोदी ने अपने संबोधन में कहा था, "140 करोड़ भारतीय पड़ोसी देश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं. भारत शांति के लिए प्रतिबद्ध है ।और वह बांग्लादेश की विकास यात्रा में उसका शुभचिंतक बना रहेगा."

इसके एक दिन बाद 16 अगस्त को पीएम मोदी और मोहम्मद यूनुस के बीच फोन पर बातचीत हुई थी. जिसमें मोदी ने एक बार फिर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था. मोदी से बातचीत में यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया था.

हसीना ने ली है भारत में शरण

संयुक्त राष्ट्र की एक प्राथमिक रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश के हालिया आंदोलन में कम-से-कम 600 लोग मारे गए थे।

आखिर इन्हें बुलाया क्यों... जाकिर नाइक ने अनाथ छात्राओं को किया 'बेइज्जत' तो भड़के पाकिस्तानी एक्सपर्ट

इस्लामाबादः विवादित इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक इस समय शहबाज शरीफ सरकार के न्योते पर पाकिस्तान में है। पाकिस्तान में जाकिर के लगातार प्रोग्राम हो रहे हैं और सरकार उसके स्वागत में लगी है। एक तरफ पाकिस्तान सरकार जाकिर को खास बनाने में लगी है तो वहीं दूसरी ओर जाकिर की हरकत ने लोगों को भड़का दिया है। दरअसल, अनाथ लड़कियों के एक कार्यक्रम से जाकिर नाइक का बीच में उठ गए, जो पाकिस्तानियों को पसंद नहीं आया है।

जाकिर नाइक बुधवार को इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम में पहुंचा था। यहां कुछ अनाथ छात्राओं को अवार्ड देने के लिए उनसे कहा गया तो जाकिर नाइक ने स्टेज छोड़ दिया। जाकिर ने कहा कि लड़कियों को इस तरह से बेपर्दा नहीं घूमना चाहिए और वो अपने हाथ से उनको अवार्ड नहीं देंगे। जाकिर की इस हरकत पर पाकिस्तान के राजनीतिक

टिप्पणीकार कमर चीमा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कमर ने जाकिर की इस हरकत को शर्मिंदा करने वाली बताया है।

कमर चीमा ने अपने यूट्यूब पर वीडियो शेयर करते हुए कहा, 'मैं पाकिस्तान की सरकार से जानना चाहता हूं कि जाकिर नाइक को किस हैसियत से बुलाया गया है। पाकिस्तान के नेता उनसे क्यों मिल रहे हैं। फिर जाकिर को बच्चों के बीच क्यों ले जाया गया। जाकिर कोई साइंटिस्ट हैं, जो वो छात्रों के बीच जाकर बोलेंगे या उनकी स्पेस टेक्नॉलजी में कोई महारत, जिससे हमारे बच्चों को फायदा होगा।'

चीमा ने आगे कहा कि जाकिर कोई मक्का या मदीना की मस्जिद के इमाम नहीं हैं कि आम लोगों के मन में उनके लिए एहतराम हो, वो भारत के रहने वाले हैं और अब मलेशिया में रहते हैं। उनसे पाकिस्तानियों को क्या मतलब है। हमारी सरकार के लोग क्यों उनको ऐसे लेकर घूम रहे हैं, जैसे वो किसी मुल्क के सदर हों और उनके साथ पाकिस्तान की सरकार को कुछ बड़े समझौते करने हों।

कमर चीमा ने कहा, 'जाकिर नाइक जिन लड़कियों को अवार्ड ना देने की बात कहकर स्टेज छोड़कर गए, वो 15 साल से कम की बच्चियां थीं।

ये बच्चियां हैरान रह गईं, उनको समझ नहीं आया कि क्या हो रहा है। उस शख्स ने सीधे तौर पर पाकिस्तान की औरतों की बेइज्जती की है।

लेबनानः इजरायली हमलों की वजह से 12 लाख लोग विस्थापित, हजारों ने ली सीरिया में शरण

बेरूत। इजरायली हवाई हमलों के कारण लेबनान में विस्थापित लोगों की कुल संख्या लगभग 12 लाख हो गई है। लेबनानी मंत्रिपरिषद की डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट यूनिट ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, विस्थापित लोग अन्य क्षेत्रों में अपने परिवार के साथ रहने को मजबूर हैं। वे, मकान किराए पर ले रहे हैं या सार्वजनिक या निजी जगहों पर शरण ले रहे हैं। वहीं हजारों अन्य लोग सीरिया में प्रवेश कर गए हैं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक 23 सितंबर से 29 सितंबर तक 234,023 सीरियाई और 76,269 लेबनानी नागरिकों ने सीरियाई क्षेत्र में प्रवेश किया।

रिपोर्ट में कहा गया कि लेबनान में विस्थापित लोगों को रखने के लिए 867 केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 643 अपनी अधिकतम क्षमता तक पहुंच चुके हैं।

इजरायली हमलों के कारण दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के साथ-साथ बेरूत के दक्षिणी उपनगरों के लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में शरण लेने को मजबूर होना पड़ा।

इस बीच मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली ने चेतावनी दी कि इजरायल की एकतरफा कार्रवाई से मध्य पूर्व में व्यापक क्षेत्रीय युद्ध छिड़ सकता है। उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने के लिए तत्काल युद्ध विराम के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय और प्रभावशाली शक्तियों से हस्तक्षेप की मांग की।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मदबौली ने जोर देकर कहा कि मिस्र लेबनान में इजरायल की बढ़ती आक्रामकता की निंदा करता है और लेबनान की संप्रभुता को कमजोर करने के किसी भी कोशिश को खारिज करता है।

23 सितंबर से, इजरायल ने लेबनान में हवाई हमले तेज कर दिए। उसका कहना है ।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस के देश में प्रवेश पर इजरायल ने लगाया प्रतिबंध

तेल अवीव। इजरायल ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को अवांछित घोषित कर दिया और ईरान के मिसाइल हमले की "स्पष्ट रूप से निंदा" करने में विफल रहने पर उनके देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया।

इजरायल के विदेश मंत्री इजरायल कैट्ज ने बुधवार दोपहर को घोषणा की कि "आज, मैंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को इजरायल में अवांछित घोषित कर दिया है और उनके देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। जो कोई भी ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए जघन्य हमले की स्पष्ट रूप से निंदा नहीं कर सकता, जैसा कि दुनिया के लगभग हर देश ने किया है, वह इजरायल की धरती पर कदम रखने का हकदार नहीं है,"

इजरायल पर 2023 के हमास हमले की पहली बरसी से कुछ ही दिन पहले, कैट्ज ने आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख की आलोचना की।

इजरायल के विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा, "यह एक महासचिव है जिसने सात अक्टूबर को हमास के हत्यारों द्वारा किए गए नरसंहार और यौन अत्याचारों की निंदा नहीं की है, ना ही उन्होंने उन्हें आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए कोई प्रयास किया है। एक महासचिव जो हमास, हिजबुल्लाह, हूती और अब वैश्विक आतंक की जननी ईरान के आतंकवादियों, बलात्कारियों और हत्यारों को समर्थन देता है, उसे संयुक्त राष्ट्र के

इतिहास पर एक दाग के रूप में याद किया जाएगा।"

उन्होंने कहा कि इजरायल अपने नागरिकों की रक्षा करना जारी रखेगा और "एंटोनियो गुटेरेस के साथ या उसके बिना, अपनी राष्ट्रीय गरिमा को बनाए रखेगा।"

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने मंगलवार को कहा था कि वह लेबनान में संघर्ष के बढ़ने से बेहद चिंतित हैं और उन्होंने तत्काल युद्धविराम की अपील की।

गुटेरेस ने कहा था कि लेबनान में किसी भी कीमत पर एक व्यापक युद्ध से बचना चाहिए, और लेबनान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए।

उन्होंने कुछ घंटों बाद एक्स पर एक और मैसेज पोस्ट किया जब ईरान ने मंगलवार रात को लगभग 200 मिसाइलों से इजरायल पर हमला किया। गुटेरेस ने कहा, "मैं मध्य-पूर्व में बढ़ते संघर्ष की निंदा करता हूं, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा। हमें निश्चित रूप से युद्धविराम की आवश्यकता है।"

नए चीन की 75वीं वर्षगांठ : सर्बियाई नेताओं ने चीन के विकास और वैश्विक प्रभाव की प्रशंसा की

बीजिंग। सर्बियाई प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक और संसद की अध्यक्ष एना ब्रनाबिक ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर चीन को बधाई दी और चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) के साथ एक साक्षात्कार में चीन के विकास को दुनिया के लिए लाभकारी बताया।

प्रधानमंत्री वुसेविक ने चीन की प्रगति के दूरगामी प्रभाव पर जोर दिया और कहा कि पिछले 75 वर्षों में चीन के प्रयासों ने उसके समाज को बदल दिया है और वैश्विक समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने गरीबी उन्मूलन, तीव्र आर्थिक विकास हासिल करने, वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचारों को आगे बढ़ाने और वैश्विक शासन में सक्रिय भूमिका निभाने में चीन की सफलता पर प्रकाश डाला।

वुसेविक ने बहुपक्षीय अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति चीन के समर्पण की भी प्रशंसा की और कहा कि चीन ने कभी भी किसी देश को निशाना बनाने वाले तरीके से काम नहीं किया है।

वहीं, संसद की अध्यक्ष एना ब्रनाबिक ने भी इन भावनाओं को दोहराया और चीन की उपलब्धियों को उल्लेखनीय बताया।

उन्होंने चीन की सफलता का श्रेय नेतृत्व की रणनीतिक दृष्टि, लोगों में गहरी आस्था और साहसिक राजनीतिक निर्णय लेने को दिया।

ब्रनाबिक ने इस बात पर जोर दिया कि ये कारक चीन की आधुनिक उपलब्धियों को आकार देने में महत्वपूर्ण रहे हैं।

दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि सर्बिया-चीन सहयोग सर्बिया के लिए बहुमूल्य अवसर प्रस्तुत करता है। उन्होंने बेल्ट एंड रोड पहल का समर्थन करने के लिए सर्बिया की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने में इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

एशिया में नाटो की होगी एंट्री? अमेरिका के बाद भारत ने साफ कर दिया अपना रुख

टोक्योः जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने एशिया में नाटो जैसा एक सैन्य गुट बनाने की मांग की थी। इस गुट की चर्चा के बाद माना जा रहा था कि चीन को घेरने की शुरूआत होगी। लेकिन अब इसे लेकर भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि जापानी पीएम की ओर से 'एशियाई नाटो' के दृष्टिकोण से भारत सहमत नहीं है। कानेर्गी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जापान के विपरीत भारत कभी भी किसी अन्य देश का संधि सहयोगी नहीं रहा है।

जापानी पीएम के बयान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'हमारे दिमाग में उस तरह की रणनीतिक योजना नहीं है।' डॉ. जयशंकर का यह बयान तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब जापान और भारत क्वाड का हिस्सा हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हमारा एक अलग इतिहास और चीजों को देखने का एक अलग नजरिया है।

'बेल्ट एंड रोड' के निर्माण में चीनी उद्यमों का प्रत्यक्ष निवेश स्टॉक 330 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक

बीजिंग। हाल ही में, चीनी वाणिज्य मंत्रालय से मिली खबर के अनुसार, 2023 के अंत तक, चीनी कंपनियों ने संयुक्त रूप से 'बेल्ट एंड रोड' का निर्माण करने वाले देशों में 17,000 विदेशी कंपनियों की स्थापना की थी, जिनका प्रत्यक्ष निवेश स्टॉक 330 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था।

यह बताया गया कि 2023 में, संयुक्त रूप से 'बेल्ट एंड रोड' का निर्माण करने वाले देशों में चीनी

उद्यमों का प्रत्यक्ष निवेश 40.71 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो 2022 की तुलना में 31.5 प्रतिशत की वृद्धि है।

इसके अलावा, चीन ने 'बेल्ट एंड रोड' का निर्माण करने वाले देशों के साथ कई विदेशी आर्थिक और व्यापारिक सहयोग क्षेत्रों का निर्माण करने के लिए सहयोग किया है।

इजरायल ने मध्य बेरूत में किया हवाई हमला, आग की लपटों में घिरे दिखे कई इलाके

बेरूत। इजरायल ने गुरुवार सुबह मध्य बेरूत के अल-बचौरा क्षेत्र में हिजबुल्लाह से संबद्ध स्वास्थ्य प्राधिकरण केंद्र को निशाना बनाकर हवाई हमला किया,

जिससे भीषण आग लग गई। यह जानकारी स्थानीय टीवी चैनल अल-जदीद ने दी।

टीवी फुटेज में इमारत से भारी काला धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा है। हवाई हमले से आसपास के घरों और वाहनों को भी काफी नुकसान हुआ। बचाव के लिए एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल इलाके में पहुंच गए हैं।

लेबनान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अल-बचौरा क्षेत्र में हवाई हमले में कम से कम 5 लोग मारे गए।

टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य बेरूत में हमले से कुछ समय पहले, इजरायल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हरेत हेइक क्षेत्र पर तीन हवाई हमले किए।

चीनी राष्ट्रपति ने जापान के निर्वाचित प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा को बधाई दी

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने जापान के निर्वाचित प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा को बधाई दी। शी चिनफिंग ने कहा कि चीन और जापान पड़ोसी देश हैं। यह दोनों देशों के मौलिक हितों में है कि वे शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, चिरस्थायी मित्रता, पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग और आम विकास के मार्ग पर चलें।

उन्हें उम्मीद है कि जापान, चीन और जापान के बीच चार राजनीतिक दस्तावेजों के सिद्धांतों और आम सहमतियों का पालन

करेगा और दोनों देशों के बीच रणनीतिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को व्यापक रूप से बढ़ावा देगा ताकि एक रचनात्मक और स्थिर चीन-जापान संबंध बनाया जा सके, जो नए युग की आवश्यकताओं को पूरा करता हो।

वहीं, चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने शिगेरू इशिबा को बधाई संदेश भेजकर कहा कि दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों की राजनीतिक नींव को बनाए रखना चाहिए, मित्रता, आपसी विश्वास और सहयोग को मजबूत करना चाहिए।

दोनों देशों के लोगों को बेहतर लाभ पहुंचाना चाहिए।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

लेबनान में डटे हैं भारतीय 'शांति सैनिक', यूएन चीफ ने की तारीफ

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने लेबनान में शांति स्थापना अभियान में सेना भेजने वाले भारत और अन्य देशों की सराहना की। उन्होंने बुधवार को कहा, 'लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) के शांति सैनिक अपनी जगह पर बने हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने लेबनान में शांति स्थापना अभियान में सेना भेजने वाले भारत और अन्य देशों की सराहना की। उन्होंने बुधवार को कहा, 'लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) के शांति सैनिक अपनी जगह पर बने हुए हैं। हालांकि इजरायल ने इन्हें कहीं और ट्रांसफर करने की मांग की है लेकिन संयुक्त राष्ट्र का ध्वज वहां लहरा रहा है।" यूएन चीफ ने मध्य पूर्व की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की

एक आपातकालीन बैठक में यह बात कही।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, "मैं, संयुक्त राष्ट्र शांति सेना - यूएनआईएफआईएल - के मिलिट्री और सिविलियन मेंबर्स तथा सैन्य योगदान देने वाले देशों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता दोहराता हूं।"

लगभग 900 भारतीय सैनिक यूएनआईएफआईएल के साथ हैं, जो इजरायल और लेबनान को अलग करने वाली 'ब्लू लाइन' पर तैनात है। वे (शांति सैनिक), लेबनान में घुस आई इजरायली सेना और लेबनानी आतंकी ग्रुप हिजबुल्लाह के बीच, तैनात हैं।

गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने अपनी दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि जमीन पर मौजूद यूएनआईएफआईएल अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी जारी है और पहले से ज्यादा हो रही है। उन्होंने कहा, "वे अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही साथ अपनी जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं।"

दुजारिक ने बताया कि इजरायली सेना ने यूएनआईएफआईएल को ब्लू लाइन के पास कई जगहों से हटने के लिए कहा था लेकिन इसने ऑपरेशनल और राजनीतिक दोनों ही नजरिए से, रुकने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा, "हम वहीं जमे रहेंगे, साथ ही साथ हम अपने रुख और शांति सैनिकों की सुरक्षा का हर घंटे के आधार पर आकलन करेंगे।"

इस हफ्ते इजरायल ने दक्षिणी लेबनान पर जमीनी हमला शुरू कर दिया। यहूदी राष्ट्र ने बुधवार लेबनान में अपने आठ सैनिकों की मौत की पुष्टि की। इस बीच लेबनानी अधिकारियों का कहना है कि बेरूत पर बुधवार रात को हुए भारी इजरायली हवाई हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए। इससे पहले इजरायल और हमास के समर्थक ईरान ने मंगलवार रात इजरायल पर बड़ा मिसाइल हमला किया।

इजरायल के चैनल 13 टीवी समाचार ने बताया कि ईरान की तरफ से कम से कम 200 जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं, जिससे पूरे देश में सायरन बजने लगे और लाखों लोग शेलटर्स की ओर भागे।